सावन, मास , वर्ष-10, अंक 126, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज, बुधवार 24 जुलाई, 2024

T M

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

Adhunik Samachar

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

कौशलं बलम्

NAINI ALLAHABAD

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन


अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25


**श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही


**श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज


**इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association


*JEEVAN EXPRESS NEWS*

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**

Enjoy Publicity



# प्रदेश आस/पास



## थाना चोपन पुलिस द्वारा खोये/गिरे हुए 01 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी को किया गया सुपुर्द

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** आवेदक अमरनाथ पुत्र जगदीश निवासी रजधन अदलगंज थाना चोपन जनपद सोनभद्र का मोबाइल कहीं खो गया था, जिसकी सूचना आवेदक द्वारा थाना चोपन पुलिस को दी गयी तो आवेदक के खोये हुये मोबाइल की डिटेल यूपी कॉप एप्लीकेशन के माध्यम से प्ूेः/ ॑.मीर्ुदन.ग्ह/ पोर्टल पर दर्ज कराया गया । पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में खोये/गिरने से सम्बन्धित मोबाइल सेट की बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थानों पर मोबाइल रिकवरी टीम गठित किया गया। इसी क्रम में आज दिनांक-23.07.2024 को थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुये मल्टीमीडिया मोबाइल को सफलता पूर्वक बरामद कर मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया गया । जिसपर मोबाइल स्वामी एवं आमजन द्वारा पुलिस टीम की कोटि-कोटि प्रशंसा की गयी । **बरामद करने वाली टीम का विवरण** - 1. प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया थाना चोपन सोनभद्र । 2. कम्प्यूटर आपरेटर सुशील कुमार थाना चोपन सोनभद्र । 3. का0 सुनील कुमार यादव थाना चोपन सोनभद्र। 4. का0 सुभाष चन्द्र भारती थाना चोपन सोनभद्र।

## थाना चोपन की साइबर क्राइम टीम द्वारा शिकायत कर्ता के खाते से फ्राड हुए 28000/- रुपये दिलवाये गये वापस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** आवेदक प्रेम कुमार पुत्र राम प्रसाद साहू निवासी गौरव नगर थाना चोपन जनपद सोनभद्र द्वारा थाना चोपन जनपद सोनभद्र पर ऑनलाइन प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया था कि आवेदक के साथ टेलीग्राम लिंग के माध्यम से 28000/- रुपये का साइबर फ्राड कर लिया गया है। शिकायत के उपरान्त पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशानुसार थाना चोपन की साइबर क्राइम टीम द्वारा आवेदक के किये गये शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक का संपूर्ण धरराशि आवेदक के खाते में वापस कराई गई। जिस पर आवेदक द्वारा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया **पुलिस टीम का विवरण**- 1.प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया थाना चोपन जनपद सोनभद्र। 2. निरीक्षक इरफान अली साइबर प्रभारी थाना चोपन जनपद सोनभद्र । 3. कम्प्यूटर ऑपरेटर सुशील कुमार थाना चोपन जनपद सोनभद्र। 4. का0 सुनील कुमार थाना चोपन जनपद सोनभद्र।

## जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतो को गम्भीरता से लेते हुये समस्या का कराया जाए समाधान -जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर ।** जन समस्याओं को प्राथमिकता पर अधिक से अधिक निस्तारण के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में आए एक-एक फरियादियों से मिलकर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा उनकी समस्याओं को सुना गया। तत्पश्चात उनके प्रार्थना पत्रो को समस्या से सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को भेजते हुये दूरभाष पर वार्ता कर निर्देशित किया कि जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों को अधिकारी गम्भीरता से लेते हुये समस्या समाधान कराएं तथा फरियादी को उसके निस्तारण के सम्बन्ध में अवगत भी कराएं।



## नवोदय विद्यालय समिति लखनऊ की क्षेत्र स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जवाहर नवोदय विद्यालय बहूआर जिला सोनभद्र में दिनांक 23 जुलाई 2024 को नवोदय विद्यालय समिति के लखनऊ की क्षेत्र स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारम्भ मनानीय एसडीएम महोदय प्रमोद तिवारी जी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ त् कार्यक्रम का शुभारम्भ मनानीय मुख्य अतिथि श्री प्रमोद तिवारी जी एसडीएम सदर के द्वारा ध्वजरोपन तथा प्रतियोगिता उद्घाटन उद्बोधन के साथ प्रारंभ हुआ । इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर मल्यार्पण किया गया तत्पचत् दीप प्रज्वलन एव सरस्वती वंदना की प्रस्तुत की गई इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य श्री अंशुमान सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ व साल के माध्यम से स्वागत किया गया इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय मिर्जापुर के प्राचार्य डॉक्टर एस.पी. त्रिपाठी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिनका विद्यालय परिवार द्वार स्वागत किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान बलराम कृष्ण यादव सचिव जिला तीरंदाजी फेडरेशन सोनभद्र द्वारा की गई अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य व मंगलमय जीवन की कामना की तथा साथ-साथ विद्यालय में आने वाले समय में विद्यार्थीयो द्वारा पढाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने की आशा व्यक्त की तथा इस कार्य के लिए उन्हें शिक्षाको द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों को सराहा अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉक्टर एसपी त्रिपाठी प्राचार्य नवोदय विद्यालय मिर्जापुर ने अपने पुराने कार्याकाल में नवोदय विद्यालय सोनभद्र को खोलने के संबंध में किये गए प्रयासो एव अनुभवो को साझा किया तथा विद्याथिर्यों के उज्ज्वल भविष्य व नये कीर्तिमान की स्थापना के लिए मंगल कामना की त् प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि एव अध्यक्ष द्वारा तीर चलाकर तीरंदाजी मीट का उदघाटन किया गया् सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्य़ालय की छात्राओ द्वारा प्रस्तुत किया गया शिव तांडव नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्य गोरखनाथ पाल द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक संदीप शुक्ला ने किया ।



## वरिष्ठ चिकित्सक के घर हुई चोरी का नहीं हुआ खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** कस्बा चौकी क्षेत्र में बीते दिनों 19 जुलाई की रात्रि हुई लगभग ग्यार लाख रुपए की चोरी का चार दिन बीतने के बाद भी नही हुआ खुलासा पीड़ित ने एसपी को पत्र लिखकर लगाई न्याय की गुहार। वही पीड़ित ओमप्रकाश राय पुत्र झारखण्डे राय (निवासी पनन्नूंज रोड, हाइडिल कालोनी, डाकखाना राबट्र्सगंज, निवासी हैं। वही अधिवक्ता ने बताया कि प्रार्थी पता उपरोक्त का रहने वाला है। प्रार्थी के पिता वरिष्ठ डॉ की उम्र लगभग 99 वर्ष है। बीते दिनांक-19.07.2025 को समय लगभग एक बजे रात से सुबह पाँच बजे के बीच अज्ञात चोरों ने प्रार्थी के पिता की आलमारी खोलकर उसमें ग्यारह लाख रूपया चोरी कर लिया है। प्रार्थी के पिता जब सुबह 05:00 बजे सो कर उठे तो जानकारी हुयी। प्रार्थी ने घटना की सूचना लिखित रूप से बीते 19.07.2024 को थाना राबट्र्सगंज को दिया। थाना राबट्र्सगंज द्वारा कोई कार्यवाही नही किया जा रहा है। मजबूर होकर आप से निवेदन कर रहा है। वही पीड़ित ने निवेदन है कि प्रार्थी की रिपोर्ट दर्ज कराकर उचित कार्यवाही करने की कृपा करें। पूर्व की चोरी का भी नहीं हुआ खुलासा पीड.ित रमाकांत शुक्ला ने बताया कि चौकी कस्बा क्षेत्र के चंद कदम दूरी पर 2021 में अगस्त महीने में हुई लाखों की चोरी का कई साल बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ खुलासा वही रहवासियों में पुलिस के कार्रवाई पर उठ रहे सवाल।



## जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक की प्राईवेट चिकित्सालयों का किया जाये निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी व सम्बन्धित नोडल अधिकारी पंजीयन निजी चिकित्सालय को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी चिकित्सालय में चिकित्सकों के उपलब्धता से सम्बन्धित चिकित्सालय के बोर्ड पर उनके उपस्थिति सहित अन्य बिन्दुओं की सूचना अनिवार्य रूप से अंकित की जाये, यदि इस प्रकार के कोई सूचना प्राईवेट चिकित्सालय द्वारा अंकित नहीं की जाती तो उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि बिना पंजीयन के जनपद में यदि कोई भी चिकित्सालय संचालित हो रहे हों, तो वह तत्काल बन्द कर दिये जाये, उन्होंने कहा कि प्राईवेट चिकित्सालयों की संघन जॉच नियमित रूप से सम्बन्धित टीम द्वारा सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इस दौरान उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत अल्ट्रासाउण्ड कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करायी जाये और यह भी सुनिश्चित की जाये कि गर्भवती महिलाओं का प्रसव चिकित्सालयों में ही कराया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी यू0पी0आर0एन0एस0 द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तो निर्माण कार्यो की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसूता महिलाओं के खाते में भेजे जाने वाली धनराशि के भुगतान की समीक्ष।



## वृक्ष धरा का आभूसण, दूर करेगा प्रदूषण- वेदिका फाउंडेशन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।**सामाजिक सेवा को समर्पित दल वेदिका फाउंडेशन ने सावन के दिनों में अधिकतम वृक्ष लगाने की मुहिम उठायी है इसी सिलसिले में वेदिका फाउंडेशन के डायरेक्टर सुधांशु शर्मा , डेप्युटी डायरेक्टर श्रीकान्त शाह एवं सेक्रेटरी प्रदीप झा अपनी टीम के साथ नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज पहुँचे और वृहद् वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया ।उसी कड़ीं में आज ऐन आई टी सी के संरक्षण महेंद्र अरोरा ने वृक्षारोपण की शुरुआत करते हुए कहा कि वृक्षारोपण करना हमारी जिम्मेदारी है,पर्यावरण को बचाने के लिए यह आवश्यक है।वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं और वायु प्रदूषण कम करते हैं,आओ हम वृक्षारोपण करें और प्रकृति को बचाएं। वेदिका फाउंडेशन के संस्थापक ने भी जनमानस तक यही बात पहुँचाने की कोशिश की कि पेड़ केवल पर्यावरण को शुद्ध ही नहीं करते अपितु उसे सुंदर भी बनाते है, हमारे आस पास जितनी हरियाली रहेगी हम उतने ही आशावादी और सकारात्मक रहेंगे। इस वृक्षारोपण के कार्यक्रम में आस पास की ग्रामीण लोगो ने भी बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया और पेड़ों की देखभाल के लिए समाज को भरोसा दिलाया । इस परियोजना के लिए एनजीओ ने स्थानीय समुदाय और सरकारी संगठनों के साथ सहयोग किया है। एनजीओ की यह पहल सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## एएसपी मुख्यालय सोनभद्र द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन चुर्क में मंगलवार परेड की ली गई सलामी


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** श्री कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र द्वारा पुलिस लाईन चुर्क परेड ग्राउंड में मंगलवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया । निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई । निरीक्षण के क्रम में महोदय द्वारा यू0पी0 -112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कमिर्यो से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी । तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क में स्थित क्वार्टर गार्द पर तैनात सलामी गार्द द्वारा एएसपी मुख्यालय महोदय को सलामी दी गयी जिसपर महोदय द्वारा सलामी का अभिवादन स्वीकार किया गया । इस दौरान क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा, मेस, पुलिस बैरक व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।












# देश/विदेश





भारत

## संक्षिप्त समाचार

### इमरान खान की पार्टी को सेना ने बताया माफिया कहा- आतंकवाद रोधी अभियान के खिलाफ कर रहा दुष्प्रचार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ का नाम लिए बगैर जमकर हमला बोला।



पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने रावलपिंडी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि संगठित राजनीतिक माफिया आतंकियों के सफाये और आर्थिक विकास के उद्देश्य से शुरू किए गए एक नए आतंकवाद-रोधी अभियान 'अज्म-ए-इस्तेहकाम' के बारे में गलत सूचना फैला रहा है। मालूम हो कि पिछले माह पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने अज्म-ए-इस्तेहकाम का कड़ा विरोध किया था। पीटीआई ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा में किसी भी सैन्य हस्तक्षेप का कड़ा विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान को विफल करने के लिए बड़े एक विशाल अवैध राजनीतिक माफिया खड़ा हो गया है और उस माफिया का पहला कदम झूठे और फर्जी तर्कों के माध्यम से अभियान को विवादास्पद बनाना है। अज्म-ए-इस्तेहकाम को लेकर उन्होंने कहा कि यह कोई सैन्य अभियान नहीं है, बल्कि एक आतंकवाद-रोधी पहल है जिसका उद्देश्य आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा देना है।

## 'मोदी ने 10 वर्षों तक देश की आवाज को दबाया, इसलिए जनता ने चुनाव में उन्हें सजा दी'; कांग्रेस का आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने ही 10 वर्षों तक



देश की आवाज को दबाया और इसीलिए लोकसभा चुनावों में लोगों ने उन्हें दंडित किया है। कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि जिस व्यक्ति ने 10 वर्षों तक देश का गला घोटा और उसकी आवाज को दबाया, वह आज विपक्ष द्वारा आवाज उठाए जाने पर बेहद कमजोर दिखाई दिया और आंसू बहाता दिखा। कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पीएम पर पिछले 10 सालों में देश की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष के उनके अन्यायपूर्ण शासन की सजा जनता ने दी है। उनका कहना है कि पीएम मोदी अब बहुमत वाली सरकार के प्रधानमंत्री नहीं है।खेड़ा ने एक्स पोस्ट में कहा, 'उन्होंने कहा कि विपक्ष ने ढाई घंटे तक प्रधानमंत्री की आवाज दबाई। प्रधानमंत्री मोदी को यह याद दिलाना जरूरी है कि पिछले 10 वर्ष के उनके अन्यायपूर्ण शासन में पूरे देश का दम घुटता रहा, जिसकी सजा जनता ने उन्हें दी है।' खेड़ा ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी यह भूल गए हैं कि वह बहुमत वाली सरकार के प्रधानमंत्री नहीं हैं, बल्कि दो दलों के समर्थन से चल रही राजग सरकार के एक तिहाई प्रधानमंत्री हैं।' कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें मोदी सरकार शब्द का इस्तेमाल करने से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। खेड़ा ने नीट मामले का जिक्र करते हुए कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह याद दिलाना उचित होगा कि जब वह यह भाषण दे रहे थे, तब सुप्रीम कोर्ट देश के 32 लाख छात्रों की आवाज दबाने और उनकी सरकार द्वारा उनके साथ किए गए अन्याय के विरुद्ध सुनवाई कर रहा था।खेड़ा ने कहा, ''जब आप अहंकार और झूठ से भरा भाषण दे रहे थे तो आपको यह बताना जरूरी है कि देश के 15 से ज्यादा अग्निवीर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने का सपना दिल में लिए आत्महत्या करने को मजबूर हुए।'' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि देश में हर घंटे 19 किसान और मजदूर फांसी लगाकर आत्महत्या करने को मजबूर होते हैं। खेड़ा ने कहा, ''आप सही कह रहे हैं प्रधानमंत्री जी, संसद देश के लिए है। यह किसी राजा का दरबार नहीं है।

## शिव शक्ति पूजा से लेकर सनातन संस्कृति की झलक, हर मायने में खास रही अनंत-राधिका की शादी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे अमीर इंसान और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी हो चुकी



है। बीते 12 जुलाई को अंनत और राधिका मर्चेंट शादी के पवित्र बंधन में बंधे। शादी के सभी फंक्शन मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित किए गए। ये शादी 3 दिनों तक चली, जिसमें 12 जुलाई को शादी, 13 को शुभ आशीर्वाद कार्यक्रन और 14 को रिसेप्शन रखा गया। इस शादी में देश-विदेश से कई बड़ी हस्तियों को देखा गया। अंबानी फैमिली के इस फंक्शन में बॉलीवुड से लेकर राजनीतिक जगत की दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा देखने को मिला। इसके अलावा विदेश से भी कई खास मेहमान शादी में शामिल हुए थे। ये शादी हर मायने में काफी खास रही क्योंकि इसमें सनातन धर्म से लेकरहिंदू रीति-रिवाज की पूरी झलक देखने को मिली। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनंत और राधिका को आशीवार्द देकर फंक्शन में चार चांद लगाए। अंबानी परिवार के सबसे छोटे बेटे की शादी में वो सबकुछ दिखा जो हर भारतीय की चाह रहती है। चाहे वो धार्मिक से सबंधित हो या पारंपरिक समारोह। इस शादी में धार्मिक और आध्यात्मिक को महत्व दिया गया। विवाह में संगीत, पूजा, मेहंदी और हल्दी जैसे पारंपरिक समारोह देखने को मिले, जो भारतीय विरासत और रीति-रिवाजों के प्रति अनंत और राधिका के सम्मान को दर्शाते हैं। शिव शक्ति पूजा- इस पूजा में शीर्षस्थ हस्तियों ने भाग लिया। इस पूजा के जरिए अंबानी परिवार की आध्यात्मिक परंपराओं और विरासत के प्रति सम्मान को दर्शाया गया। सनातन धर्म के प्रति अंबानी परिवार का सम्मान- धर्म के लिए अंबानी परिवार ने इस समारोह में जगद्गुरु रामभद्राचार्य, स्वामी सदानंद सरस्वती, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जैसे प्रमुख धार्मिक नेताओं को आमंत्रित किया।

## तीसरे दिन भी नहीं बुझी गोवा तट के करीब जहाज में लगी आग, काबू पाने में जुटे भारतीय तटरक्षक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तीन दिन बाद भी गोवा के तट के करीब मालवाहक जहाज एमवी मेर्सक फ्रैंकफर्ट पर लगी आग अभी तक बुझी नहीं है। भारतीय कोस्ट गार्ड के जवान हेलीकॉप्टर से आग पर काबू पाने में जुटे हैं।



रासायनिक विशेषज्ञों समेत चार सदस्यीय बचाव दल को जहाज पर चढ़ाया गया है। मालवाहक जहाज से रह-रहकर आग और धुआं उठ रहा है। गोवा के तट से करीब 102 समुद्री मील दूर मालवाहक जहाज एमवी मेर्सक फ्रैंकफर्ट पर अब भी लपटें और धुआं उठ रहा है। भारतीय तटरक्षक बल आग को काबू पाने में जुटे हैं। चार सदस्यीय दल को भी जहाज में उतारा गया है। यह जहाज गुजरात के मुंद्रा पोर्ट से श्रीलंका के कोलंबो जा रहा था।बता दें कि शुक्रवार को गोवा से लगभग 102 समुद्री मील दूर एक कंटेनर कागी मर्चेंट जहाज में भीषण आग लग गई थी। खराब मौसम और भारी बारिश के बीच भारतीय तटरक्षक बल ने आग बुझाने का अभियान शुरू किया था। भारतीय तटरक्षक बल के मुताबिक करवार से 50 नॉटिकल मील दूर कंटेनर वाहक शन् शीव् ईहर्व्लू में अचानक आग लग गई थी। यह व्यापारिक जहाज मुंद्रा पोर्ट से श्रीलंका के कोलंबो जा रहा था। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जहाज में बेंजीन और सोडियम साइनेट जैसे खतरनाक माल समेत 1,154 कंटेनर लदे हैं। जहाज में चालक दल के 22 सदस्य सवार भी थे। आईसीजी के उप महानिरीक्षक मनोज भाटिया के मुताबिक सूखे रासायनिक पाउडर ने आग पर काबू पाने में काफी मदद की। इस रासायनिक पाउडर को हेलीकॉप्टर के माध्यम से छिड़काया गया। राहत की बात यह है कि जहां खतरनाक सामान रखा था, आग वहां तक नहीं पहुंच सकी।

## कनाडा में फिर हिंदू मंदिर पर हमला खालिस्तानी समर्थकों ने की तोड़फोड़

**एडमोंटन।** कनाडा में हिंदू पूजा स्थलों पर चल रहे हमलों के बीच एडमोंटन के बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़-फोड़ की गई। हिंदू अमेरिकन



फाउंडेशन ने बताया कि बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर पर सुबह-सुबह भारत विरोधी नारे लिखे गए। साथ ही भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य पर हमला किया गया। खालिस्तानी समर्थकों पर इस घटना के आरोप लग रहे हैं। नेपियन संसद सदस्य चंद्र आर्य ने हिंदू-कनाडाई समुदायों के खिलाफ हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। आर्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'एडमॉन्टन में हिंदू मंदिर बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को फिर से तोड़ दिया गया है। पिछले कुछ सालों से 'ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों में भारत विरोधी नारे के साथ तोड़फोड़ की जा रही है।'कनाडा के एडमॉन्टन में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए हैं। हमले के बाद नेपियन के सांसद सदस्य चंद्रा आर्या ने हिंदू-कनाडाई समुदायों के खिलाफ बढ़ती हिंसा की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा मैं कनाडा की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आह्वान करता हूं। सांसद आर्य ने आगे अपने पोस्ट में खालिस्तानी चरमपंथियों को मिली छूट की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी नफरत और हिंसा की अपनी सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच निकलते हैं। मैं एक बार फिर से बोलना चाहता हूं, हिंदू कनाडाई सच में परेशान हैं।

## जिस आईएनएस ब्रह्मपुत्र में लगी आग, पढ़ें उससे जुड़ी पांच खास बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई।** मुंबई के नौसेना डाकयार्ड पर बड़ा हादसा हुआ है। यहां मरम्मत के दौरान रविवार को नौसेना के बहुउद्देश्यीय युद्धपोत आइएनएस



ब्रह्मपुत्र पर आग लग गई। नौसेना डाकयार्ड मुंबई और बंदरगाह में मौजूद अन्य जहाजों के अग्निशमन कर्मियों की सहायता से सोमवार की सुबह तक आग पर काबू पा लिया गया। इसके अलावा, आग लगने के बाद हुए नुकसान के आकलन के लिए जांच का आदेश दिया गया है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को युद्धपोत आइएनएस ब्रह्मपुत्र में लगी आग से अवगत कराया है। जानकारी के अनुसार आग की घटना में युद्धपोत एक तरफ झुक गया है और तमाम कोशिशों के बावजूद जहाज को सीधा नहीं किया जा सका है। फिलहाल जहाज एक तरफ टिका हुआ है। हादसे में एक नाविक को छोड़कर सभी कमिन्यों को बचा लिया गया है। लापता नाविक की तलाश जारी है। 1- आईएनएस ब्रह्मपुत्र स्वदेशी रूप से निर्मित पहला निर्देशित मिसाइल युद्धपोत है। अप्रैल 2000 में इसे भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। 2- आईएनएस ब्रह्मपुत्र का वजन तकरीबन 5,300 टन है। इसकी लंबाई 125 मीटर है, चौड़ाई 14.4 मीटर है और यह 27 नॉट से अधिक की गति से चलने में सक्षम है। 3- आईएनएस ब्रह्मपुत्र पर 40 अधिकारियों और 330 नाविकों का दल होता है। जहाज मध्यम दूरी, निकट दूरी और सतह से सतह व सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और टारपीडो लांचरों से लैस है।

## कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार का बड़ा एलान, एक राष्ट्र, एक चुनाव, नीट के प्रस्ताव को दी मंजूरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने सोमवार रात को कैबिनेट



बैठक कर कई बड़े अहम फैसले लिए हैं। इस बैठक में उन्होंने सहित तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी है। तीनों प्रस्ताव राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के लिए निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के खिलाफ हैं। कर्नाटक कैबिनेट ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव', परिसीमन के खिलाफ प्रस्तावों को मंजूरी दी। सूत्रों ने कहा कि इन प्रस्तावों को विधानमंडल के चालू सत्र के दौरान आज पेश किए जाने की संभावना है। बताया जाता है कि कैबिनेट ने 'ग्रेटर बेंगलुरु गवर्नेंस बिल 2024' को भी मंजूरी दे दी है। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के पुनर्गठन के लिए पूर्व मुख्य सचिव बीएस पाटिल के नेतृत्व में गठित चार सदस्यीय समिति ने इस महीने की शुरुआत में सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक राष्ट्र एक चुनाव परिसीमन का विरोध शुरू कर दिया है। राज्य सरकार ने इनके खिलाफ प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी है और कहा जा रहा है कि इन प्रस्तावों को आज विधानसभा में पास किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि कैबिनेट ने ग्रेटर बेंगलुरु गवर्नेंस बिल 2024 को भी मंजूरी दे दी है। कहा जाता है कि मसौदा विधेयक में, समिति ने शहर पर शासन करने के लिए योजना और वित्तीय शक्तियों के साथ एक ग्रेटर बेंगलुरु प्राधिकरण (जीबीए) के निर्माण का प्रस्ताव रखा है, और यह कई निगमों का भी प्रावधान करता है और 400 वार्डों तक का प्रावधान करता है। नीट पर चल रहे विवाद के बीच, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने हाल ही में केंद्र से राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा को रद्द करने और राज्यों को अपनी प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की अनुमति देने का आग्रह किया था। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक साथ चुनाव पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने मार्च में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले कहा था कि जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया 2024 के लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद शुरू होगी।

## वित्त मंत्री ने चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस का घोषणापत्र पढ़ा, ये खुशी की बात' सरकार पर चिदंबरम का तंज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज मोदी 3.0 का पहला बजट पेश किया। बजट में



कई बड़े एलान किए गए हैं, बजट पेश होने के बाद विपक्षी नेताओं ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने मंगलवार को केंद्रीय बजट को लेकर सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस का 2024 का घोषणापत्र पढ़ा है। एक्स पर एक पोस्ट में, चिदंबरम ने कहा, 'मुझे यह जानकर खुशी हुई कि माननीय वित्त मंत्री ने चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस का घोषणापत्र लोकसभा 2024 पढ़ा है। मुझे खुशी है कि उन्होंने कांग्रेस घोषणापत्र के पृष्ठ 30 के रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन (ईएलआई) को अपनाया है।'वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का एलान किया है इसके तहत युवाओं को इंटर्नशिप के साथ हर महीने 5000 रुपए मिलेंगे। इस एलान के बाद कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है उन्होंने कहा उन्हें इस बात की खुशी है कि लोकसभा चुनाव के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्य विपक्षी दल का घोषणापत्र पढ़ा। चिदंबरम ने आगे कहा, 'मुझे इस बात की भी खुशी है कि उन्होंने कांग्रेस घोषणापत्र के पृष्ठ 11 पर उल्लिखित अप्रेंटिस स्कीम के लिए भत्ते के साथ-साथ अप्रेंटिस योजना भी शुरू की है। उन्होंने वित्त मंत्री पर कटाक्ष करते हुए ये भी कहा कि काश उन्होंने कांग्रेस घोषणापत्र में कुछ अन्य विचारों की नकल की होती। पूर्व वित्त मंत्री ने आगे कहा, मैं जल्द ही छूटी हुई बातों की एक लिस्ट दूंगा।' चिदम्बरम ने कहा कि उन्हें यह सुनकर भी खुशी हुई कि वित्त मंत्री एंजल टैक्स खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने कई वर्षों से इसे खत्म करने की मांग की है और हाल ही में कांग्रेस के घोषणापत्र के पृष्ठ 31 पर भी इसे खत्म करने की मांग की गई है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट में युवाओं के रोजगार के लिए नई स्कीम शुरू की है। उन्होंने कहा, सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू करेगी। इसमें 5000 रुपये प्रति माह इंटर्नशिप भत्ता और 6000 रुपये की एकमुश्त सहायता दी जाएगी सीतारमण ने 2024-25 के लिए बजट पेश किया, यह उनकी लगातार 7वीं प्रस्तुति है, जिसने पूर्व प्रधान मंत्री मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहला बजट था।

## काम के लिए हुनर ही नहीं, अच्छी सेहत भी जरूरी; आर्थिक सर्वेक्षण में इस बात पर जताई गई चिंता


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कुछ बुरी आदतें केवल कामकाजी लोगों की राह ही नहीं रोक रहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचा रही हैं।आर्थिक सर्वेक्षण में



यह चिंता भी सामने आई है कि इंटरनेट मीडिया, स्क्रीन टाइम और सेहत के लिए खराब मानी जाने वाली खाद्य सामग्री का बड़ा खतरा मौजूद है, जो लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ ही उनकी उत्पादकता पर बुरा असर डालने वाला है और इससे कुल मिलाकर देश की आर्थिक मजबूती पर असर पड़ने वाला है। इस संदर्भ में निजी क्षेत्र को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।आर्थिक सर्वेक्षण में यह चिंता भी सामने आई है कि इंटरनेट मीडिया स्क्रीन टाइम और सेहत के लिए खराब मानी जाने वाली खाद्य सामग्री का बड़ा खतरा मौजूद है जो लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ ही उनकी उत्पादकता पर बुरा असर डालने वाला है और इससे कुल मिलाकर देश की आर्थिक मजबूती पर असर पड़ने वाला है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि श्रम पर पूंजी को तरजीह देना दीर्घ काल के लिए कॉरपोरेट ग्रोथ सही नहीं होगा। यह निष्कर्ष इस लिहाज से अहम है, क्योंकि उद्यमियों और उद्योगपतियों ने मांग के अभाव का हवाला देकर निवेश करने के प्रति अनिच्छा प्रदर्शित की है। सर्वेक्षण के अनुसार देश की कामकाजी आबादी को अर्थपूर्ण रोजगार मिलने के लिहाज से यह जरूरी है कि वे कौशल के साथ-साथ अच्छी सेहत की भी चिंता करें। इस संदर्भ में भारतीयों में खाने की जैसी आदतें उभर रही हैं, वे न केवल अस्वास्थ्यकर हैं, बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से भी ठीक नहीं हैं। की जो परंपरागत खान-पान शैली और खाना है, उसने सदियों से यह साबित किया है कि वह सेहत के लिहाज से एकदम उपयुक्त है।

## जोश शापिरो, मार्क केली या रॉय कूपर कमला हैरिस किसे चुनेंगी अपना उपराष्ट्रपति संभावित उम्मीदवारों की लिस्ट पर डाले नजर

**वाशिंगटन।** रविवार को जो बाइडन ने अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। अब डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला




हैरिस है। पार्टी के अन्य राजनेताओं और कार्यकर्ताओं का कमला हैरिस को जमकर समर्थन भी मिल रहा है। हालांकि, अब सभी के मन में यह सवाल है कि आखिर उनका उपराष्ट्रपति कौन होगा कमला हैरिस के लिए कितना मुश्किल होगा डेमोक्रेटिक पार्टी के उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार कौन होगा इसका फैसला करना बेहद मुश्किल होगा। किसी एक का चयन करना डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए इसलिए आसान नहीं होगा क्योंकि सभी उम्मीदवार इस पद के लिए सही मायने में बेहतर है। बता दें कि उपराष्ट्रपति पद का चयन आमतौर पर कई महीनों तक चलती है। हालांकि, इस बार यह प्रक्रिया और तेजी से होगी क्योंकि 19 अगस्त को शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन शुरू होने जा रहा है। जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर होने के बाद अब डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस होंगी। अमेरिका में सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के कई बड़े नेता और जो बाइडन ने कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में समर्थन दिया है। हालांकि अब सवाल है कि डेमोक्रेटिक पार्टी का उपराष्ट्रपति कौन होगा इस बात को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि कमला हैरिस अपने रनिंग मेट के रूप में किसे चुनेंगी? कमला को यह निणन्य डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन से पहले लेना होगा। अगले महीने शिकागो में पार्टी के नामांकन सम्मेलन से पहले उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों पर सबकी नजर बनी हुई हैं। तो आइये संभावित उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों पर डालते है एक नजर उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों में सबसे पहले आते है- पेंसिल्वेनिया के 51 वर्षीय गवर्नर जोश शापिरो। अगर ये उम्मीदवार घोषित होते है तो इलेक्टोरल वोटों को मजबूती मिलेगी, क्योंकि पेंसिल्वेनिया इस चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण स्विंग राज्यों में से एक है। जोश शापिरो एक प्रभावी वक्ता है। उन्हें 2022 में गवर्नर चुना गया था, जब उनका सामना डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समर्थित एक उम्मीदवार से हुआ था। शापिरो ने पहले पेंसिल्वेनिया के अटॉर्नी जनरल के रूप में काम किया था। दूसरे नंबर पर आते है मार्क केली। 60 वर्षीय पूर्व एस्ट्रोनॉट और अमेरिकी नौसेना के कप्तान मार्क केली 2020 से एरिजोना के सीनेटर हैं। वे एक और स्विंग स्टेट का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसे बाइडन ने 2020 में ट्रंप पर बहुत कम अंतर से जीता था। केली की पत्नी पूर्व डेमोक्रेटिक कांग्रेसवुमन गैब्रिएल गिफ़ोर्ड्स है, जो 2011 में लगभग मौते के मुंह से बाहर आई थी। दरअसल, उन्हें टक्सन में मतदाताओं के साथ बैठक करते समय सिर में बहुत नजदीक से गोली मारी गई थी। केंटकी के 46 वर्षीय गवर्नर एंडी बेशियर ने पिछले नवंबर में ट्रंप द्वारा समर्थित उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव जीता था। बेशियर अपने राज्य से अधिक वोट ला सकते हैं। बेशियर ने ट्रंप के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जे.डी. वेंस को कड़ी टक्कर दे सकते है। उत्तरी कैरोलिना के 67 वर्षीय गवर्नर रॉय कूपर पर्पल राज्य से नेता हैं। यह राज्य 2020 में ट्रंप केवल एक प्रतिशत अंक से जीता गया था। कूपर पहली बार 1986 में चुने गए थे और तब से उन्होंने कभी कोई चुनाव नहीं हारा। उनके प्रमुख मुद्दों में से एक गर्भपात के अधिकारों की सुरक्षा है।

# मिर्ज़ापुर सोनभद्र







## राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन अनपरा का चुनाव संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के द्वारा त्री वर्षीय व्यापार मंडल अनपरा का आम चुनाव



के नामांकन पत्र जांच के क्रम में दिनांक 21/07/2024 को शाम 8 बजे मृत्युंजय केशरी जिला महामंत्री के प्रतिष्ठान काशी मशाल मेन रोड अनपरा बाजार में चुनाव संचालन समिति के रामचन्द्र गुप्ता जी संजीव मदान जी प्रबुद्ध कुमार चौबे जी उमेश सिंह जी संगठन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता जी जिला कोषाध्यक्ष अनील मित्तल जी, जिला महामंत्री मृत्युंजय केशरी जी,जिला कार्यकारिणी सदस्य मंतोष तिवारी जी जिला कार्यकारिणी सदस्य विनोद गर्ग की उपस्थिति में और चुनाव में अध्यक्ष पद के दोनों प्रतिभागी विनोद कुमार वर्मा व बाल गोपाल चौरसिया तथा महामंत्री ओमप्रकाश केशरी के प्रतिनिधि राजेश केशरी, कोषाध्यक्ष प्रत्याशी अशोक कुमार केशरी की मौजूदगी में नामांकन पत्र जांच की प्रक्रिया में महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर एक एक उम्मीदवार होने के कारण ओमप्रकाश केशरी महामंत्री व अशोक कुमार केशरी कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।तथा विनोद कुमार बर्मा संगठन का सदस्य नहीं होने के कारण उनका नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया। दरअसल न्यू संतोष अलंकार मंदिर की सदस्यता रशिद पर आशिष कुमार बर्मा अंकित पाया गया इस प्रकार विनोद कुमार वर्मा का नामांकन पत्र खारिज होने के कारण अध्यक्ष पद पर बाल गोपाल चौरसिया निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। उक्त आशय की जानकारी गोपाल दास गुप्ता जिलाध्यक्ष सोनभद्र/प्रदेश मंत्री उत्तर प्रदेश ने अपने प्रेष विज्ञप्ति के माध्यम से दिया। उपस्थित चुनाव समिति सदस्य व जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष बाल गोपाल चौरसिया, महामंत्री ओम्प्रकाश केशरी, कोषाध्यक्ष अशोक केशरी को मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी । निर्विरोध नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 7अगस्त 2024 के बाद बैठक कर कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की जाएगी।

## तीर हूं, तलवार हूं, अंगार हूं, भारत की मिट्टी से करती प्यार हूंः कौशिल्या चौहान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र स्थल पर मंगलवार को सुबह अमर शहीद चंद्रशेखर




आजाद और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर याद किया गया। इस मौके पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक रचना कवियों ने सुनाई और वाहवाही लूटी। आयोजन की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि शिवदास चंदौली ने अमर सेनानियों को माल्यार्पण दीपदान कर विधिवत शुभारंभ किया। कौशल्या कुमारी चौहान कवयित्री सोनभद्र ने वाणी वंदना पश्चात,,तीर हूं तलवार हूं अंगार हूं,,भारत की मिट्टी से मैं करती प्यार हूं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और राष्ट्रीय अनुराग जगाया। संचालन कर रहे युवा गीतकार दिलीप सिंह दीपक ,, बुजुर्गी ने लहू देकर वतन की आबरू रक्खी, तुम सब कुछ बेच दो लेकिन हिंदुस्तान मत बेचो सुनाकर वाहवाही बटोरी। आयोजक प्रदुम्न त्रिपाठी एड ने ,, सरहद के पहरेदारों को शत-शत मेरा प्रणाम जाये। देश खड़ा है साथ आपके ए मेरा पैगाम जाये। आजाद तिलक बिस्मिल हमीद बन देने कुर्बानी आयेंगे। जयहिंद अमर वंदेमातरम् स्वर तिरंगा नभ में लहराये सुनाकर देशप्रेम की अलख जगाया।इस अवसर पर शायर अशोक तिवारी राष्ट्र वाद के सजग प्रहरी प्रभात सिंह चंदेल हास्य व्यंग के दिवाकर मेघ, लोकभाषा भोजपुरी के दयानंद दयालू, नवगीत कार? नोटरी अधिवक्ता राकेश शरण मिस्र सचिव सोन साहित्य संगम व कवि धर्मेश चौहान एडवोकेट आदि साहित्यकार गणों ने विभिनन्न रसों में कविता सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर विबस किया तो वहीं अध्यक्षता कर रहे कवि शिवदास ने,,,लहर रहा है गगनांगन में गौरव का अभिमान जयति जै संविधान,,जयति जय हिंदुस्तान सुनाया और पूर्णता प्रदान किया। सामुहिक स्वर में बच्चों ने सोहर बधाई गीत प्रस्तुत कर सभीं का दिल जीत लिया। इस अवसर पर रिषभ, शिवमोचन, फारुख, शिखा, मृत्युंजय, ममता, समता, पुरुषोत्तम कुशवाहा, सोमारू, श्यामलाल, बाबूलाल, प्रतीचा, आद्या, अंशिका साहित्य आदि मौजूद रहे। अंत में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्र गान गाकर कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सावन माह के चौथे सोमवार दिनांक 12 अगस्त 2024 को निकलेगी भव्य कांवर यात्रा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**डाला/सोनभद्र।** हर हर महादेव कांवर सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को स्थानीय रामलीला



मैदान परिसर में संयोजक अनिकेत श्रीवास्तव के आह्वाहन पर समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान समिति के सभी सदस्यों, कार्यकर्ताओं व युवाओं ने आपस में मंथन कर इस वर्ष भी चोपन स्थित श्री सोनेश्वर घाट से जल उठाकर डाला स्थित श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर तक की भव्य कांवर यात्रा पवित्र सावन माह के चौथे सोमवार दिनांक 12 अगस्त 2024 को आयोजित कराने व यात्रा को भव्य रूप देने का संकल्प लिया। इस दौरान हर हर महादेव कांवर सेवा समिति के अध्यक्ष अंशु पटेल ने बताया कि बीते 8 सालों से समिति द्वारा सावन के पवित्र महीने में महादेव व उनके भक्तों की सेवा में भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें सभी शिवभक्त, श्रद्धालु, कांवरिया, माताएं व बहने चोपन स्थित श्री सोनेश्वर घाट से जल उठाकर पैदल चलकर डाला स्थित श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पे आते हैं और बाबा का जलाभिषेक करते हैं, जिसमें समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं हेतु भव्य झांकी व जगह-जगह पर कांवरियो पर पुष्प वर्षा की भी सुंदर व्यवस्था की जाती है। इस दौरान महामंत्री अवनीश देव पांडे व कोषाध्यक्ष प्रशांत पाल ने बताया कि पवित्र सावन माह की शुरुआत हो चुकी है, आने वाले 12 अगस्त (चौथे सोमवार) को भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें डाला-बारी, चोपन व कोटा क्षेत्र के स्थानीयजन, भक्तगण व श्रद्धालु माताएं-बहनें शामिल होंगे। आयोजन की तैयारियां समिति द्वारा जोरो-शोर से शुरू कर दी गई हैं। बैठक में इस दौरान उपाध्यक्ष गोविंद भारद्वाज, श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर से पं0 शुभम तिवारी, विकास जैन, राकेश पासवान, गौतम भारद्वाज, आदित्य तिवारी, ललित कुमार सिंह, विशाल कुमार निषाद, धर्मु कुमार, दीपक सिंह, शुभम राय, अजय, गणेश, अक्षय कुमार, बृजेश, रंगलाल, मंगल, राकेश, अभिषेक पटेल, अविनाश चौधरी, शुभम यादव, विवेक सिन्हा, अमोल कुमार, आदि मौजूद रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मिर्जापुर।** मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण मांग की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि सड़क दुघर्टना में कमी लाने हेतु सड़क सुरक्षा के जो भी इंडीकेटर्स हैं उन्हे पूर्ण कराए, ताकि कमी लायी जा सकें। उन्होने कहा कि जिन सड़को पर दुर्घटनाए अधिक हो रही है उन स्थलों को चिहिन्त करते हुये रिफ्लेटर टेप लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होने एन0एच0-135 व 135ए मागी पर घटनाए अधिक हो रही है इन्हे चिन्हित कर समुचित व्यवस्था करें। उन्होने कहा कि जनपद में दुघर्टना बाहुल्य क्षेत्रो को चिन्हित कर रिफ्लेक्टर लगवाएं व जिन चैराहो पर अधिक घटनाएं हो रही है वहां पर लाइट लगवाएं। उन्होने कहा कि जहां पर टी जक्शन साइन बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि तीन या तीन से अधिक सड़क दुघर्टनाओं में यातायात पुलिस अभियान चलाते हुये दुघर्टनाओं में कमी लाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने रोड सेफ्टी क्लब बनवाने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि जिन इण्टर कालेजो में रोड सेफ्टी क्लब न बने हो उनमें बनवाते हुए रोड सेफ्टी क्लब व ट्रैफिक पुलिस में एक संवाद स्थापित कराते हुये सड़क दुघर्टना से बचने हेतु लोगो को जागरूक करें व विभिनन्प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जाए। उन्होने कहा कि सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व टैद्यफिक पुलिस प्रत्येक महीने एक सड़क सुरक्षा से बचाव के दृष्टिगत इवेंट कराते हुये लोगो को जागरूक करें।

## बजट भाषण में निर्मला सीतारमण के बड़े ऐलान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** साल मुफ्त राशन की व्यवस्था चलती रहेगी. इस साल कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान. रोजगार के लिए 3 प्रमुख योजनाओं पर काम करेगी सरकार बिहार में 3 एक्सप्रेस वे का ऐलान. बोधगया-वैशाली एक्सप्रेस वे बनेगा पटना-पूणिन्या एक्सप्रेस वे का निर्माण. बक्सर में गंगा नदी पर दो लेन का पुल. बिहार में एक्सप्रेस वे के लिए 26 हजार करोड़ का प्रावधान. छात्रों को 7.5 लाख का स्किल मॉडल लोन. पहली बार नौकरी वालों को अतिरिक्त इ्र नौकरियों में महिलाओं को प्राथमिकता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा, ठजैसा कि अंतरिम बजट में उल्लेख किया गया है, हमें 4 अलग-अलग जातियों, गरीब, महिला, युवा और किसान पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है. किसानों के लिए, हमने सभी प्रमुख फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है, जो लागत से कम से कम 50इ् मार्जिन के वादे को पूरा करता है. पीएम गरीब कल्याण अनन्न योजना को 5 साल के लिए बढ़ाया गया, जिससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ हुआ.'' युवाओं के लिए 5 नई योजनाओं का ऐलान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, मुझे 2 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ 5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा के लिए 5 योजनाओं और पहलों के प्रधानमंत्री पैकेज की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है. इस वर्ष हमने शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है. बिहार को विभिनन्न योजनाओं के लिये बजट में 26000 करोड़ रुपयों का प्रस्ताव आँध्रा को 15000 करोड़ मिलेंगे सरकार घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी..एण-एऊ और ध्ँण् समाज के कल्याण के लिए और नई योजनाएं लाएगी सरकार 10 हजार बायो फ्यूल प्लांट लगाए जाएंगे रोजगार और स्किल के लिए 3 योजनाएं पहली नौकरी में एक महीने का भत्ता मिलेगा.एक लाख की सैलरी पर 3000 रुपये सरकार पीएफ में देगी. बिहार में सड़क प्रोजेक्ट के लिए 26 हजार करोड़ के पैकेज का ऐलान किया गया है. बिहार में 21 हजार करोड़ के पॉवर प्लांट का भी ऐलान किया गया है. इसके अलावा बिहार को वित्तीय सहायता मिलेगी. आंध्रप्रदेश को लगभग 15 हजार करोड़ का पैकेज मिलेगा।

## शिव नाडर फाउंडेशन के स्मार्ट क्लास का बीएसए ने किया शुभारम्भ

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र श्री मुकुल आनंद पाण्डेय ,द्वारा फीता काट कर स्मार्ट क्लास



का शुभारम्भ किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय ने कहां कि स्मार्ट क्लास लगने से बच्चे के अन्दर ऊर्जा का संचार होगा, सीखने की ललक पैदा होगी। क्योंकि देखकर और सुनकर जो ज्ञान प्राप्त होता हैं वह स्थाई होता है। दिल दिमाग में अच्छे तरीके से संकलित होता है।उक्त मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी घोरावल अशोक कुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी रॉबर्ट्सगंज धनञ्जय सिंह एवं शिव नाडर फाउंडेशन के जिला समन्वयक बिपिन शुक्ला उमंग का कार्यक्रम की खूब सराहना किये और बोले कि मै बीच-बीच मे आकर देखता रहूँगा और निपुण बच्चों को पुरस्कृत किया गया इस बीच पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमगांव के प्रधानाध्यापक राजकुमार पाण्डेय , प्राथमिक विद्यालय जमगांव के प्रधानाध्यापक राजकुमार सिंह , स्मार्ट क्लास संचालक मनोज विश्वकर्मा ,विशेष शिक्षक घोरावल संजय कुमार राम प्रसाद , किरन पटेल , सरिता पाठक , एस0एम0सी0 अध्यक्ष अशोक सदस्य शिवनारायण इत्यादि लोग कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।

## साट सर्किट से विद्युत पोल में लगी आग मची अफरा तफ़री

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** जिला मुख्यालय स्थित शीतला चौक पर मंगलवार दोपहर बाद साट सर्किट से लगी आग विद्युत लाइट कटवाया गया तत्पश्चात दमकल विभाग के वहां पहुंची व आसपास के रवासियों के मदद के घण्टो प्रयास के बाद




मचा अफरा तफ़री। जानकारी के अनुसार शीतला चौक पर स्थित विद्युत पोल में साट सर्किट से लगी आग से प्रवासियों व आसपास के राहगीरों में हड़कंप मच गया। वहीं पास के व्यावसायिक चंदन कुमार द्वारा पुलिस को सूचना देते हुए बिजली विभाग व दमकल विभाग को फोन किया गया मौके पर पहुंची पुलिस विभाग द्वारा बिजली विभाग से वार्ता कर किसी तरह आग पर काबू पाया गया बता दे की रह वासियों ने बताया कि इसी तरह पूरे नगर में बिजली विभाग द्वारा तार का जंजाल बना दिया गया है कभी भी कहीं भी बड़ी घटना हो सकती है जिसको लेकर कई बार जिला स्तर पर प्रशासन को भी अवगत करा दिया गया है इसके बावजूद बिजली विभाग मौन साध कर बैठा हुआ है।

## ससुराल आए वृद्ध ने मासूम के साथ की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मिर्जापुर।** जिले के हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने ससुराल आये व्यक्ति ने 2 साल की मासूम के साथ कुकर्म किया। पीडि़ता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस मामले की जांच में लगी है। एसपी ऑपरेशन ओ.पी. सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिनन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। बताया गया कि क्षेत्र के एक गांव में 60 वर्षीय व्यक्ति अपने ससुराल आया था।शराब पीने के बाद मासूम के साथ गलत किया। मासूम को लहूलुहान देख मां सारा माजरा समझ गई। मासूम की मां ने सोमवार को हलिया थाने में तहरीर दी। बताया कि मेरी दो वर्षीय पुत्री को दारू पीकर ससुराल में आए 60 वर्षीय व्यक्ति ने दारू पीकर कुकर्म किया है।पीडि़ता के मां से तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। सूचना पर पहुंचे सीओ लालगंज अमर बहादुर ने स्थलीय निरीक्षण किया है।थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बच्ची की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो सहित विभिनन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ओ. पी. सिंह ने बताया कि मामला दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश में लगी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने के साथ ही कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## अराजक तत्वों ने मंदिर में स्थित नंदी बाबा के सिंग तोड़े, पुलिस जांच में जुटी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र धनसिरिया गांव में करीब डेढ़ सौ वर्ष पूर्व स्थापित प्राचीन शिव मंदिर के नंदी का सींग तोड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर लोगों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। श्रावण मास के प्रथम सोमवार के दिन लोगों ने मंदिर में पूजा अर्चना की। लगभग दोपहर में अज्ञात शरारती तत्वों ने मंदिर के अंदर स्थापित नंदी के दोनों सींग तोड़ दिया। मंदिर के पुजारी शिव शंकर पाठक ने मंदिर में जब पहुंचा तो देखा की नंदी के दोनों सींग टूटे पड़े हुए हैं। इसके पूर्व में भी मंदिर में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक नगाड़े को भी किसी अज्ञात शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। मंदिर में नंदी के सींग तोड़े जाने की खबर मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए। देर शाम पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे राजगढ़ थाना प्रभारी अमित कुमार ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर लोगों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की और कहा कि जिसने भी यह घृणित कार्रवाई की है। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सिविल लाइन में निर्माणाधीन बहुखण्डीय चिकित्सालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मिर्जापुर।** नगर के सिविल लाइन में भैरव प्रसाद जायसवाल ट्रस्ट की



जमीन पर निर्माणाधीन बहुखण्डीय नेत्र चिकित्सालय का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज पहुंचकर प्रगति कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओ0पी0डी0 सहित प्रथम व द्वितीय तल का भ्रमण कर प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान फर्श के कार्य में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कहा कि फर्श के कार्य के साथ अन्य अवशेष छोटे-छोटे कायी को अगले दो माह में पूर्ण करते हुये भवन को हस्तांतरित किया जाए, ताकि इसका उपयोग अस्पताल के संचालन में लाया जा सके। इस अवसर पर एस0आई0सी0 मण्डलीय अस्पताल तथा कार्यदायी संस्था आवास विकास से भवन के चारो मंजिला पर बन रहे कक्ष/वार्ड, ओ0टी0 कक्ष सहित सभी भवन का निरीक्षण किया। उन्होने कार्यदायी संस्था कार्य पूर्ण कर तत्काल हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के अलावा स्वास्थ्य विभाग के सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलटी,खलासी की मौत,चालक जख्मी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मिर्जापुर।** जिले के विंध्याचल थाना के गैपुरा पुलिस चौकी क्षेत्र के विजयपुर में पहाड़ी से उतरते समय लालगंज की ओर से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गया। इस दौरान चालक के कूदने पर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि खलासी की सोते समय दबकर मौत हो गई। चालक खलासी दोनों सगे भाई हैं। ट्रक को कटर से काट कर शव निकाला गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में लगी है। बताया गया कि ट्रक विजयपुर पहाड़ी से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान खाई में बैलेंस बिगड़ने से पलट गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर के सहारे ट्रक को काटकर शव को निकाला। स्थानीय लोगों की माने तो ओवरलोडिंग के चलते ये हादसा हुआ है। हादसे के बाद चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मृतक के शव को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से एक घायल व्यक्ति को तुरंत ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजा। दूसरा व्यक्ति ट्रक पिचक जाने के कारण उसमें बुरी तरह से फंस गया। घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक के शव को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की माने तो ट्रक लालगंज की तरफ से आ रहा था। अचानक ही अनियंत्रित होकर पहाड़ी से नीचे गहरी खाई में चला गया। पहले भी इस तरह के हादसे होते रहे हैं। जिसमें स्थानीय लोगों की भी जान चली जाती है। घटना की सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई है। परिजन भी मौके पर पहुंच गए है। चालक को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## हो रही पानी की किल्लत को लेकर बनी रणनीति

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** मंगलवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक जनपद सोनभद्र की बैठक जिला कार्यालय पर हुई इस बैठक में पार्टी अपने विभिनन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों की सूची जारी की ,इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरदेव सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्टी के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।और आगामी समय के लिए पार्टी के उत्थान के लिए रणनीति बनाई गई एवं एक वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम करने का निश्चय किया गया, जो कि आगे जिला प्रशासन से वार्ता कर समय व स्थान निश्चित किया जाएगा । और लोगों को पर्यावरण से संबंधित सभी पहलुओं की जानकारी कराई जाएगी।जिससे आने वाले समय में समुचित वर्षा हो सके ।क्योंकि यह जिला शुद्ध पेयजल के लिए अत्यंत ही दयनीय स्थिति में है। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश नाथ ओझा जी का जन्मदिन भी मनाया गया । इस कार्यक्रम में प्रदेश कार्यालय को भेजी गई सूची जो इस पीडीएफ के साथ अटैच है के अलावा मुख्यतः अनिल सिंह हिमांशु सिंह परमात्मा पटेल अलीम मुनव्वर सुनील सिंह कौशल चौहान आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।


## सर्प दंश से 14 वार्षिक किशोरी की हुई मौत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** रायपुर थाना क्षेत्र में बीते रविवार की रात्रि 14 वार्षिक किशोरी को जहरीले जंतु के काटने से हुई मौत। जानकारी के अनुसार ज्योति 14 वषिन्य पुत्री राम राज निवासी नगपुर थाना रायपुर रविवार देर रात्रि की बात घर में सोए चारपाई पर ड्यूटी को जहरीले जंतु चढ़कर काट लिया जिस हालत गंभीर हो गई सोमवार की सुबह परिजनों द्वारा इलाज करने को इधर-उधर भटकते रहे वहीं देर रात इलाज के दौरान युवती की हुई मौत।

## प्रकृति के धरोहर को बचाने के लिए पौधरोपण जरूरीः रूबी प्रसाद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** शासन के निर्देशानुसार वृहद पौध रोपण जन अभियान-2024 के अर्न्तगत मंगलवार को रूबी प्रसाद, अध्यक्ष एवं विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी तथा सभी वार्डी के सदस्यगण नगर पालिका परिषद सोनभद की उपस्थिति में राम सरोवर तालाब के भीटों पर पौध रोपण का कार्यक्रम किया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष द्वारा उपस्थित लोगो को बताया कि मा0 प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार के आह्वान पेड़ लगाओं, पेड़ बचाओं ठएक पेड़ मां के नाम' नगर वासियों से अपने अपने घरों के आस-पास कम से कम 01 पेड़ लगाये जाने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष द्वारा पर्यावरण की दृष्टि से नगर को स्वच्छ, सुन्दर एवं हरा-भरा बनाये रखने एवं पौध रोपण जन अभियान-2024 में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता को आवश्यक बताया। उक्त अवसर पर सभासद मनोज कुमार चौबे, अनवर अली, हीरावती देवी, गायत्री, सितारा देवी, राकेश कुमार, भैया लाल दीपिका गुप्ता, प्रदीप कुमार सिंह, नेहा सोनी, के अतिरिक्त बलराम सोनी, कृष्ण मोहन गुप्ता, के अतिरिक्त पालिका के कर्मचारीगण दिनेश कुमार, विमलेश लाल, रामबिलास गुप्ता, अजीत कुमार सिंह, विद्यावती आदि लोग उपस्थित रहे।





# स्पोर्ट्स

## कौन हैं पेरिस ओलंपिक 2024 में हिस्सा लेने वाला सबसे उम्रदराज एथलीट जो हर किसी के लिए बनेंगे एक प्रेरणा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। 26 जुलाई से 11 अगस्त 2024 तक फ्रांस की राजधानी पेरिस में इस बार आयोजन होने वाला है। यह 33वां ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल होगा और तीसरी बार पेरिस इस खेलों की मेजबानी करेगा। पेरिस ओलंपिक 2024 में 306 स्पर्धाओं में 33 खेलों का आयोजन किया जाएगा। 200 देशों के 110500 एथलीट इसमें हिस्सा लेंगे। पहली बार ब्रेक डांसिंग, स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग और स्केटबोर्डिंग को ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है। ऐसे में आज आपको बताएंगे पेरिस ओलंपिक 2024 में सबसे उम्रदराज एथलीट कौन हैं पेरिस ओलंपिक का आगाज 26 जुलाई से होने जा रहा है जिसका समापन 11 अगस्त को होगा। इस बार ओलंपिक में 206 देशों के 10500 एथलीट पदक के लिए दावेदारी पेश करेंगे। यह 33वां ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल होगा और तीसरी बार पेरिस इस खेलों की मेजबानी करेगा। ऐसे में जानते हैं पेरिस ओलंपिक 2024 में सबसे उम्रदराज एथलीट कौन हैं घुड़सवारी स्पर्धा में कनाडा का प्रतिनिधित्व करने वाले मारियो डेसलॉरियर्स पेरिस 2024 ओलंपिक में भाग लेने वाले सबसे उम्रदराज एथलीट हैं। डेसलॉरिर्स साल ने 1984 और 1988 के ओलंपिक खेलों में भी हिस्सा लिया था, लेकिन 33 साल के लंबे अंतराल के बाद हाल ही में टोक्यो ओलंपिक में वापसी की थी। गौरतलब है कि मारियो ने 1984 में मात्र 19 साल की उम्र में अपने ओलंपिक पदार्पण किया था। अब पेरिस 2024 में 59 साल की उम्र के साथ वह हिस्सा ले रहे है। रोहन बोपनन पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के सबसे उम्रदराज एथलीट हैं। 44 साल की उम्र में, उनके पास जो अनुभव और खेल कौशल है, उससे भारत को उनसे पदक की खास उम्मीदें होना कोई गलत नहीं। यह उनका तीसरा ओलंपिक होगा। उन्होंने साल 2012 के लंदन ओलंपिक में महेश भूपति के साथ पुरुष युगल स्पर्धा में भाग लिया था और दूसरे दौर तक पहुंचे थे।



## नीरज चोपड़ा की इंजरी पर आया बड़ा अपडेट, कोच ने बताया ओलंपिक खेलेंगे या नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 का 26 जुलाई से आगाज होगा। सभी एथलीट अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है। इस बीच टोक्यो ओलंपिक के गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा की इंजरी पर बड़ा अपडेट आया है। गोल्डन बॉय पिछले कुछ समय से इंजरी से जूझ रहे थे। अब उनके कोच ने साफ कर दिया है कि वह कैसे हैं और पेरिस में होने वाले ओलंपिक में हिस्?सा लेंगे या नहीं। पेरिस ओलंपिक 2024 का 26 जुलाई से आगाज होगा। सभी एथलीट अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। नीरज चोपड़ा पिछले कुछ महीनों से जांघ की मांसपेशियों की तकलीफ से जूझ रहे थे। उनके जर्मन कोच क्लाउस बारटोनिट्ज के मुताबिक नीरज की ये परेशानी अब दूर हो गई है। नीरज पेरिस ओलंपिक 204 के लिए कठोर प्रैक्टिस कर रहे हैं। नीरज चोपड़ा पिछले कुछ महीनों से जांघ की मांसपेशियों की तकलीफ से जूझ रहे थे। उनके जर्मन कोच क्लाउस बारटोनिट्ज के मुताबिक नीरज की ये परेशानी अब दूर हो गई है। नीरज पेरिस ओलंपिक 204 के लिए कठोर प्रैक्टिस कर रहे हैं। पीटीआई से बातचीत में उन्होंने कहा, ठअभी सब कुछ प?लान के मुताबिक चल रहा है। फिलहाल नीरज की जांघ की तकलीफ ठीक है, यह अच्छी दिख रही है, उम्मीद है कि ओलंपिक तक ऐसी ही रहेगी। पेरिस ओलंपिक शुरू होने में अब 5 ही दिन बचे हैं। ऐसे में नीरज थ्रोइंग सेशन कर रहे हैं। चोपड़ा ने अपनी जांघ की मांसपेशियों में कुछ समस?या महसूस की थी। ऐसे में एहतियात के तौर पर उन?होंने 28 मई को ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से नाम वापस ले लिया। उन्होंने 18 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85.97 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर मजबूत वापसी की थी। उन्होंने 7 जुलाई को डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लिया था। नीरज का कहना था कि यह आयोजन इस साल उनके प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं था।

## भारतीय तीरंदाजी दल में 'दागी' फिजियो की मौजूदगी पर विवाद, दुर्व्यवहार करने का लग चुका है आरोप

प्रेट्र। ओलंपिक एक्रिडिटेशन नहीं मिलने के कारण मुख्य कोच कोरिया के बाक वूंग के यहां से लौटने के बाद भारतीय तीरंदाजी दल 'दागी' फिजियो की मौजूदगी के कारण एक बार फिर से विवादों में फंस गया है। भारतीय तीरंदाजी दल थामस आबर्ट की शिकायत के अनुसार, यादव ने इंटरनेट मीडिया पर कनाडा की एक किशोर तीरंदाज के साथ अनुचित व्यवहार किया था।'भारतीय तीरंदाजी दल में वूंग और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता हाई परफार्मेंस निदेशक संजीवा सिंह को मेरी नियुक्ति पर आपत्ति क्यों नहीं की।' एएआई सूत्र ने दावा किया कि यादव संस्था के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा के बहुत करीबी हैं। पेरिस ओलंपिक के दौरान खिलाड.ियों की भलाई को प्राथमिकता देते हुए काफी अधिक



में वूंग और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता हाई परफार्मेंस निदेशक संजीवा सिंह को एक्रिडिटेशन नहीं मिला। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इन दोनों की जगह फिजियो अरविंद यादव को दल में शामिल किया गया है। यादव पर पिछले साल नवंबर में आयरलैंड के लिमरिक में युवा विश्व चैंपियनशिप के दौरान कनाडा की एक किशोर खिलाड़ी के साथ अनुचित व्यवहार का आरोप लगा था। इस अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, 'विश्व तीरंदाजी प्रतियोगिता प्रबंधक एक्रिडिटेशन नहीं मिला। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इन दोनों की जगह फिजियो अरविंद यादव को दल में शामिल किया गया है। यादव पर पिछले साल आयरलैंड के लिमरिक में युवा विश्व चैंपियनशिप के दौरान कनाडा की एक किशोर खिलाड़ी के साथ अनुचित व्यवहार का आरोप लगा था। यादव से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'यह मुझे बदनाम करने की साजिश है। ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। तब एएआई ने मेरे विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की अगर ऐसा था तो किसी तीरंदाज सहयोगी स्टाफ उनके साथ भेजा जा रहा है जिससे 117 खिलाड.ियों के लिए कुल 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में एथलीटों के साथ रहेंगे। एथलीट केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए सहायक स्टाफ के चयन के लिए एक व्यापक और विधिपूर्ण तंत्र अपनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खिलाड.ियों को अच्छी नींद लेने की सलाह दी थी जिससे इस बार सहयोगी स्टाफ में पोषण विशेषज्ञ के साथ नींद चिकित्सक भी शामिल हैं।

## भारत के खिलाफ टी20आई सीरीज के लिए श्रीलंका टीम का एलान, नए कप्तान का हुआ चयन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम का एलान हो गया है। 16 सदस्यीय स्क्वाड में श्रीलंकाई टीम में बदलाव देखने को मिले है। चरिथ असलंकाको टीम की कमान सौंपी गई है। चरिथ टी20 विश्व कप 2024 में वानिंदु हसरंगा के डिप्टी थे और अब उन्हें ये बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। ये माना जा रहा है कि टी20 विश्व कप से



श्रीलंका के जल्दी टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद वानिंदु हसरंगा से कप्तानी छीन ली गई। इसके अलावा श्रीलंका की स्क्वाड में एक सीनियर प्लेयर को भी ड्रॉप किया गया है। आइए एक नजर डालते हैं भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए श्रीलंका की स्क्वाड पर। भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का आगाज 27 जुलाई से होना है जिसके लिए टीम इंडिया ने पहले ही अपने स्क्वाड का एलान कर दिया। हाल ही में श्रीलंका क्रिकेट ने भी टीम का एलान किया।

## आईसीसी ने यूएसऐ क्रिकेट को 12 महीनों के लिया किया सस्पेंड साथ में दी चेतावनी, वजह हैरान करने वाली है

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** अमेरिका क्रिकेट को आईसीसी की तरफ से बहुत बड़ा झटका लगा है। अमेरिका क्रिकेट को आईसीसी ने 12 महीने के लिए



सस्पेंड कर दिया है। आईसीसी ने अमेरिका से कहा है कि वह इस संस्पेंशन के दौरान अपने कामकाज के प्रक्रिया में सुधार करे ताकि जिन नतीजों की उससे उम्मीद का जा रही है वो उन्हें हासिल करे। अगर ऐसा नहीं हो पता है तो फिर अमेरिका क्रिकेट को लंबे समय के लिए सस्पेंड कर दिया जाएग ये फैसला सोमवार को श्रीलंका के कोलंबो में हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में लिया गया है। इस बैठक में अमेरिका द्वारा टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी के रिव्यू का फैसला भी किया गया जिसमें विश्व संस्थान के कई आधिकारियों को परेशानी में डाल दिया है इस रिव्यू के लिए आईसीसी ने एक कमेटी का गठन किया है जिसमें साउथ अफ्रीका के लॉसन नाइडो, सिंगापुर के इमरान ख्वाजा, न्यूजीलैंड के रोजर टॉस शामिल हैं। आईसीसी ने अपने एक बयान में कहा, आईसीसी बोर्ड इस बात की पुष्टि करता है कि टी20 वर्ल्ड कप की जिस तरह से मेजबानी की गई है उसका रिव्यू किया जाएगा।

## पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए एआई की मदद ले रहे हैं भारतीय खिलाड़ी, टेबल टेनिस कोच ने किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** यानी अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से कई काम काफी आसान हो गए हैं। ने कई



तरह की मुश्किलों का आसान हल मुहैया कराया है। फिर चाहे किसी जटिल सवाल का जवाब हो या इतिहास के कोने में पड़ी कोई बारिक जानकारी या न्यूज पढ़ने के लिए एंकर से सब मुमकिन है, लेकिन क्या खिलाड.ियों को ट्रेनिंग दे सकता है। सुनने में हैरान करने वाली बात लगती है लेकिन ऐसा हो रहा है। भारत के टेबल टेनिस खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए की मदद ले रहे हैं। ये खुलासा खुद टीम के कोच मासिनो कोस्टाटिनी ने किया है। कोच ने बताया है कि नई तरीके खिलाडियों को ट्रेनिंग के दौरान अहम बारिकियों से पहचान करा रहे हैं और उनकी मदद कर रहे है। कोच ने कहा कि वह से मिलने वाली जानकारी से खिलाडियों को सुधार रहे हैं।भारती टेबल टेनिस टीम ने पहली बार ओलंपिक के टीम इवेंट के लिए क्वालिफाई किया है। टीम की शानदार रैंकिंग और खेल के कारण उसे ये सफलता हासिल हुई। टीम के कोच और खिलाड़ी ओलंपिक में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं और इसलिए जमकर मेहनत कर रहे हैं। इसके लिए खिलाड़ी और कोच की मदद ले रहे हैं। कोस्टाटिनी ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स से कहा कि कई बार खिलाड.ियों को लगता है कि उन्होंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन उसमें कई तरह की खामी होती है और इसी में खिलाड.ियों की मदद कर रहा है। कोच ने कहा, ठआपको लगता है कि आपने बेहतरीन मैच खेला, लेकिन रिपोर्ट और डेटा से हमें पता चलता है कि आप सिर्फ ठीक ही खेले। कई बार आपको लगता है कि आप काफी बुरा खेले लेकिन असल में होता है कि आप ने शानदार खेल दिखाया होता है। उन्होंने कहा, हम सब थोड़े से एडजस्टमेंट्स कर रहे हैं, जैसे मोटरस्पोर्ट में करते हैं। जहां छोटी सी चीजें समय बचा लेती हैं, शायद एक मिलीसेकेंड। टेबल टेनिस में भी यही है। भारतीय टीम ओलंपिक में टीम इवेंट में पहली बार हिस्सा लेगी। देश के लिए यह ऐतिहासिक बात है। भारतीय टेबल टेनिस में कॉमनवेल्थ गेम्स में सफलता हासिल की। लेकिन ओलंपिक और एशियाई खेलों में उस सफलता को दोहरा नहीं पाया। कोच ने इसे लेकर कहा, मुझे लगता है कि टीम इवेंट में पहुंचना बड़ी उपलब्धि है क्योंकि टॉप-16 में रहना आसान नहीं है। लेकिन मेरा लक्ष्य टॉप-16 नहीं है बल्कि टॉप-10 है।

## मेरे लिए क्रिकेट भगवान की तरह है भारतीय टीम और नेपाल के खिलाफ मैच से पहले भारतीय टीम की कप्तान का बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** महिला एशिया कप 2024 का 10वां मैच भारतीय टीम और



नेपाल के बीच आज खेला जाना है। इस मैच से पहले भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत करते हुए एक बड़ा बयान दिया। हरमनप्रीत ने कहा कि क्रिकेट उनके लिए भगवान की तरह है, क्योंकि उन्हें इसने सब कुछ दिया है। इस दौरान उन्होंने अपने जीवन से जुड़े कई अनसुने किस्सों को भी शेयर किया। विमेंस इन ब्लू' की नजरें नेपाल को हराकर जीत की हैट्रिक लगाने पर होगी। भारतीय टीम ने अभी तक एशिया कप 2024 में अपने लगातार दो मैच में जीत हासिल की है और सेमीफाइनल की जगह लगभग पक्की कर ली है। दरअसल, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत करते हुए कहा कि क्रिकेट, मुझे लगता है, मेरे लिए सब कुछ है। क्रिकेट के बिना, मुझे नहीं लगता कि मैं कुछ भी होती। वह पहचान जो क्रिकेट ने मुझे दी है, वह मुझे किसी और क्षेत्र से नहीं मिल सकती थी। इसलिए मेरे लिए, क्रिकेट एक भगवान की तरह है। हरमनप्रीत ने आगे कहा कि बचपन में मैंने जो भी सपना देखा था, खेलते समय जो भी सपना देखा था, वह सब मुझे क्रिकेट ने ही दिया है। मैं कह सकता हूं कि मैदान के बाहर, जब मैंने पहली बार भारतीय जर्सी पहनी थी, तो मैंने पहली बार इसे पहनने के बाद एक फोटो ली थी, और मैं बस यही सोच रहा था कि यह फोटो सबसे पहले किसे भेजना चाहिए। क्या मुझे इसे अपने माता-पिता को भेजना चाहिए, या उस कोच को जिसने मुझे यह मंच दिया, मुझे अपने स्कूल में दाखिला दिलाया और कहा मैं आपके लिए स्कूल में क्रिकेट शुरू करूंगा मैं कंफ्यूज में थी कि पहले किसे भेजूं, क्योंकि दोनों मेरे लिए जरूरी थे।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

[illegible]-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## पेरिस में नहीं दिखाई देंगे ये खेल, आईओसी ने नहीं दी जगह, जानिए किन गेम्स पर चली कैंची

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** खेलों के महाकुंभ के शुरू होने में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। 26 जुलाई से ओलंपिक खेलों की शुरुआत हो रही है। फ्रांस की राजधानी में 100 साल बाद ओलंपिक खेल लौट रहे हैं और इसके लिए सिटी ऑफ लव कहा जाने वाला ये शहर पूरी तरह से तैयार है। शानदार ओपनिंग सेरेमनी, बेहतरीन ओलंपिक विलेज खिलाड.ियों का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि कुछ खिलाड.ियों को इन खेलों में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिलेगा, क्योंकि आयोजन समित ने इस साल कुछ खेलों को ओलंपिक से बाहर रखा है इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी इस बात का फैसला करती है कि किन खेलों को जगह दी जाएगी और किन खेलों को नहीं। इस बार भी कुछ खेलों को कमेटी ने बाहर रखा। नए खेलों को शामिल करने, पुराने खेलों को बाहर करने और दोबारा शामिल करने का फैसला हर बार लिया जाता है। ये फैसला खेलों की लोकप्रियता को देखकर लिया जाता है। इस बार भी कुछ खेल ऐसे है जिन्हें पेरिस ओलंपिक-2024 में जगह नहीं मिली है जबकि वह टोक्यो ओलंपिक-2020 में शामिल किए गए थे।इस साल फ्रांस की



राजधानी पेरिस में ओलोपिक खेलों का आयोजन होना है। इन खेलों में दुनिया भर के खिलाड़ी नजर आएंगे। हर खिलाड़ी चाहता है कि वह ओलंपिक पदक अपने नाम करे। लेकिन कुछ खिलाड.ियों को इस बार ये सपना पूरा करने का मौका नहीं मिलेगा क्योंकि ओलंपिक कमेटी ने कुछ गेम्स को इन खेलों में शामिल नहीं किया है पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में बेसबॉल को जगह नहीं मिली है। बेसबॉल को पहली बार 1904 में ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया था। अमेरिका में सबसे लोकप्रिय इस खेल को साल 1992 में बार्सिलोना में हुए ओलंपिक खेलों में मेडल इवेंट का दर्जा मिला था। समर में होने वाले ओलंपिक खेलों में बेसबॉल खिलाड.ियों का अपने देश के लिए खेलना मुश्किल होता है और इसका कारण अमेरिका में खेली जाने वाली मेजर लीग बेसबॉल है। संभवतः इसी कारण कई बार ओलंपिक में बेसबॉल नहीं दिखता है क्योंकि खिलाड़ी ओलंपिक में अपने देश के बजाए इस लीग में खेलना पसंद करते हैं। सॉफ्टबॉल 1996 से 2008 तक लगातार ओलंपिक का हिस्सा रहा लेकिन 2012 और 2016 ओलंपिक खेलों में इसे नहीं लिया गया। टोक्यों में हुए ओलंपिक खेलों में इस खेल की वापसी हुई। लेकिन इस बार फिर सॉफ्टबॉल को पेरिस में नहीं खेला जाएगा। बेसबॉल और सॉफ्टबॉल अगले ओलंपिक में दिख सकते है। जापान का राजधानी टोक्यो में हुए ओलंपिक खेलों में कराटे को जगह मिली थी। ये इन खेलों का डेब्यू ओलंपिक था। इन खेलों में 80 कराटे खिलाडियों ने हिस्सा लिया था। लेकिन पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर कारटे नदारद है। इस फैसले से हालांकि काफी हैरानी हुई थी क्योंकि कराटे को फ्रांस में काफी लोकप्रिय माना जाता है।

# सम्पादकीय

## जातिगत भेदभाव पर लोहिया, उनके विचार और शब्द रखते हैं अद्भुत समकालीनता

लोहिया इस बात को बखूबी समझते थे कि भारतीय समाज में 'जाति' एक महत्वपूर्ण कारक है। जो लोग इसे सैद्धांतिक रूप से नहीं मानते हैं, वे इसे व्यावहारिक तौर पर स्वीकार करते हैं। ब्रिटिश शासन के अंतिम दशकों की बात करें तो भारत में समाजवादी और कम्युनिस्ट नेता उपनिवेशवाद विरोधी राजनीति में सक्रिय थे। उसके बाद आजादी के पहले के दशकों में ये दोनों गुट कांग्रेस पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बने रहे। समाजवादियों और कम्युनिस्टों की शुरुआती पीढ़ियों में साहस और आदर्श के अलावा दूसरे कई गुण भी थे। फिर भी उनमें एक कमी थी- भारतीय समाज में जातिगत भेदभाव के बारे में जागरूकता की कमी। लेकिन इस मामले में समाजवादी विचारक और राजनीतिज्ञ राम मनोहर लोहिया एक अपवाद थे। जातिगत भेदभाव के ऊपर लोहिया ने जो लिखा, उसे प्रशंसकों ने इकट्ठा कर उनके जीवनकाल में ही एक किताब के रूप में हैदराबाद से प्रकाशित कराया था। हालांकि वह किताब लंबे समय से अब प्रिंट में नहीं है, लेकिन एक स्वतंत्र प्रकाशक ने उसका संशोधित संस्करण जरूर निकाला। संयोग की बात यह है कि वह प्रकाशन संस्थान भी हैदराबाद में ही स्थित था। लोहिया ने अपने वामपंथी साथियों के बारे में लिखा था कि वे ईमानदारी से, लेकिन गलत तरीके से यह सोचते हैं। वे मानते हैं कि सिर्फ आर्थिक असमानता को खत्म करने के परिणामस्वरूप जातिगत असमानता अपने आप खत्म हो जाएगी। उन्हें आर्थिक और जातिगत असमानता रूपी राक्षस को खत्म करना था, पर वे इसे समझ पाने में असफल रहे। लोहिया इस बात को बखूबी समझते थे कि भारतीय समाज में 'जाति' एक महत्वपूर्ण कारक है। जो लोग इसे सैद्धांतिक रूप से नहीं मानते हैं, वे इसे व्यावहारिक तौर पर इसे स्वीकार करते हैं। उन्होंने लिखा कि भारत में 'जन्म, मृत्यु, विवाह, दावत जैसे अनेक अनुष्ठान' जातिगत ढांचे के अनुसार ही चलते हैं। इस व्यवस्था को यह सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया था कि ऊंची जातियों के लोग राजनीतिक और आर्थिक, दोनों तरह से अपना शासन बनाए रखें। वे अकेले इस व्यवस्था को बंदूक के दम पर नहीं चला सकते थे, इसलिए उन्हें उन लोगों में हीनता की भावना को भरना था, जिन पर वे राज करना चाहते थे या जिनका शोषण करना चाहते थे।यद्यपि लोहिया दलितों के विरुद्ध भेदभाव को नजरअंदाज नहीं करते। उनका ध्यान उन सवर्ण या उच्च जातियों पर केंद्रित है, जहां से राजनीतिक, प्रशासनिक, पेशेवर, व्यावसायिक और बौद्धिक अभिजात्य वर्ग आते थे और छोटी जातियों का सत्ता और उच्च पदों पर बड़े पैमाने पर प्रतिनिधित्व नहीं था। 1958 में उन्होंने लिखा था कि सवर्ण, भारत की आबादी के पांचवें हिस्से से भी कम हैं। इसके बाद भी वे राष्ट्रीय गतिविधियों, व्यापार, सेना, सिविल सर्विस या फिर राजनीतिक पार्टियों में आसानी से आ जाते हैं। राष्ट्र की प्रगति के लिए इस असंतुलन को सही करना होगा। लोहिया चाहते थे कि उनके साथी समाज के निचले वर्गों, जैसे कि महिलाओं, पिछड़ों, हरिजन, मुस्लिम और आदिवासियों को ऊपर लाने के लिए संघर्ष करें, भले ही उनकी योग्यता आवश्यक रूप से कम हो। वे मानते थे कि सदियों पुराने इतिहास में जो कुछ हुआ, उसे अब खत्म किया जाना चाहिए। समाजवादियों से लोहिया की अपेक्षा थी कि वे अंतरजातीय, खासतौर से अलग-अलग वर्णों के बीच होने वाले विवाह को बढ़ावा दें। वे लिखते हैं, अगर जाति के बंधन को तोड़ दिया जाए या उसमें थोड़ी ढील दी जाए तो उच्च जाति के बहुत से युवा पिछड़ी जातियों की महिलाओं की ओर आकर्षित होंगे और अपने साथ-साथ देश के लिए खुशियां लाएंगे। ठीक इसी तरह पिछड़ी जातियों के लड़के उच्च जातियों की महिलाओं की जिंदगी में प्रवेश कर सकेंगे।1960 में लोहिया ने जाति के अध्ययन और पिछड़ेपन को समझने के लिए संघ के गठन की बात कही थी। उन्होंने इस संघ के आठ मुख्य उद्देश्य बताए, जिनमें से दो के बारे में बताता हूं। पहला यह कि धर्म के साथ-साथ उसकी प्रथाओं को भी जाति दोष से मुक्त किया जाए, इस विश्वास के साथ कि अंतरजातीय विवाह करने से जातियां खत्म हो सकती हैं। दूसरा यह कि सरकारी पदों, राजनीतिक दलों, व्यापार और सशस्त्र सेवा में कानून या परंपरा के तौर पर 60 प्रतिशत पदों को पिछड़ी जाति, महिलाओं, हरिजन और आदिवासियों के लिए सुरक्षित करने की मांग की जाए।पुस्तक के एक दिलचस्प हिस्से में 1955-56 में एक तरफ डॉ. लोहिया और उनके सहयोगियों तथा दूसरी तरफ डॉ. भीमराव आंबेडकर के बीच आदान-प्रदान किए गए पत्रों की एक श्रृंखला को पुनः प्रस्तुत किया गया है।

# युवा गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने भी निभाई गेम चेंजर की भूमिका

टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को जब 12 गेंदों पर मात्र 20 रनों की जरूरत थी तो कप्तान रोहित शर्मा ने गेंद अर्शदीप सिंह के हाथों में थमाई। उस समय डेविड मिलर भी एक छोर पर खड़े थे, लेकिन अर्शदीप सिंह की पैनी गेंदों ने दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज और डेविड मिलर को कोई मौका नहीं दिया टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने में भारत के गेंदबाजों का सबसे बड़ा योगदान रहा है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तो मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने। हर ओर उनके नाम की चर्चा है। बुमराह का डंका बज रहा है, लेकिन बुमराह की चकाचौंध में उनके साथी गेंदबाज अर्शदीप सिंह का योगदान कहीं खो सा गया है। अर्शदीप सिंह टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए गेंदबाजी की शुरुआत कर रहे थे। वर्ल्ड कप में उन्होंने सर्वाधिक 17 विकेट भी लिए। हालांकि, जसप्रीत बुमराह के मुकाबले वो थोड़े महंगे साबित हुए, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कांटे के मुकाबले में अर्शदीप सिंह ने गेम चेंजर की भूमिका निभाई है। पूर्व फौजी के बेटे अर्शदीप सिंह के आगे एक लंबी पारी है।टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को जब 12 गेंदों पर मात्र 20 रनों की जरूरत थी तो कप्तान रोहित शर्मा ने गेंद अर्शदीप सिंह के हाथों में थमाई। उस समय डेविड मिलर भी एक छोर पर खड़े थे, लेकिन अर्शदीप सिंह की पैनी गेंदों ने दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज और डेविड मिलर को कोई मौका नहीं दिया। 19वें ओवर में मात्र चार रन दक्षिण अफ्रीका बना सका। यदि अर्शदीप का यह ओवर यदि महंगा साबित होता तो टीम इंडिया के लिए बेहद मुश्किल हो जाती। फाइनल में अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में मात्र 20 रन देकर दो विकेट लिए। ये दोनों विकेट ही बेहद अहम थे। मैच के तीसरे ओवर में अर्शदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान एडन मार्करम और 13वें ओवर में खतरनाक दिख रहे क्विंटन डी कॉक को पवेलियन भेजा।5 फरवरी 1999 को मध्य प्रदेश के गुना शहर में जन्मे अर्शदीप सिंह के पिता केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में कार्यरत थे। 25 साल सीआईएसएफ में सर्विस करने के बाद वो परिवार के साथ चंडीगढ़ के करीब पंजाब में खरड़ चले आए। यहां अर्शदीप ने पड़ोस के बच्चों के साथ गली क्रिकेट खेलना शुरू किया। 16 साल की आयु में पिता ने उन्हें चंडीगढ़ की जसवंत राय क्रिकेट अकादमी में दाखिला दिला दिया। अर्शदीप भी अपने पिता के अरमानों पर खरे उतरे और उनका वर्ष 2018 में भारत की अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप टीम में सिलेक्शन हुआ। उस वर्ष भारत में यह वर्ल्ड कप जीता था। वर्ष 2018 में वो पंजाब के लिए अंडर-19 क्रिकेट टीम में भी सिलेक्ट हुए और सीके नायडू ट्रॉफी में खेले। राजस्थान अंडर-19 टीम के खिलाफ उन्होंने एक पारी में 8 विकेट लिए, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल थी। अर्शदीप की प्रतिभा को पहचाते हुए वर्ष 2019 में उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम किंग्स इलेवन पंजाब ने 20 लाख रुपए में खरीद लिया।अर्शदीप सिंह अधिक दिनों तक टीम इंडिया के सिलेक्टर्स की नजरों से बच नहीं सके। जुलाई 2022 में उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेलने का मौका मिला और जल्द उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ नवंबर 2022 में वनडे मैच खेल लिया। अर्शदीप सिंह अब तक छह वनडे इंटरनेशनल मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं और टी-20 में उन्होंने 52 मैचों में 79 विकेट लिए हैं। अभी समाप्त हुए टी-20 वर्ल्ड कप में अर्शदीप सिंह ने इंग्लैंड को छोड़कर सभी टीमों के खिलाफ विकेट लिए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में उनके सर्वाधिक 17 विकेट हैं। अर्शदीप सिंह के टीम इंडिया में आने से जसप्रीत बुमराह को एक अच्छा सहयोगी मिल गया है। खासकर सीमित ओवर्स में अर्शदीप सिंह बेहद प्रभावशाली नजर आ रहे हैं। मात्र 25 वर्षीय अर्शदीप सिंह के आगे लंबा करियर है और उनके लिए अच्छी बात है कि वो थोड़ा बल्ला भी चला लेते हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत के 119 रनों में 9 रन अर्शदीप के भी थे। यदि अपनी बल्लेबाजी को वो थोड़ा सा सुधार लें तो अच्छे ऑलराउंडर साबित हो सकते हैं। अभी उन्हें भारत की वनडे और टी-20 टीम में ही मौका मिला है। जिस रफ्तार से अर्शदीप सिंह की काबिलियत उभरकर सामने आ रही है तो हम उन्हें बहुत जल्द भारतीय टेस्ट टीम में देख सकते हैं। साफ है, यह सरदार टीम इंडिया के लिए बेहद असरदार साबित होने जा रहा है।




# बंगाल में हो क्या रहा है, कब चलेगा उनपर बुलडोजर जो महिला अस्मिता को तार-तार कर रह

ममता सरकार?फुटपाथों से 'बाहरी' हॉकरों को हटाने में लगी है, पर उन पर कब बुलडोजर चलेगा, जो महिला अस्मिता को तार-तार कर रहे हैं भारत के कई क्षेत्रीय दल समय-समय पर राजनीतिक कारणों से क्षेत्रीय अस्मिता का खेल खेलते रहे हैं। महाराष्ट्र से शुरू हुआ कट्टर अस्मिता का जयगान कई राज्यों में होता रहा है। इसे राजनीतिक रोग व रणनीति, दोनों कह सकते हैं।?रणनीति?इसलिए, क्योंकि क्षेत्रीय अस्मिता जहरीला तत्व स्वतः नहीं पैदा करती। किसी राज्य के लोग अगर अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़े रहना चाहते हैं, तो यह अच्छी बात है। लेकिन भारत में किसी राज्य की सरकार यदि दूसरे राज्य के लोगों को बाहरी बताए, तो यह राष्ट्रीय अखंडता पर चोट ही है। फिलहाल, एक बार फिर बंगाली अस्मिता चर्चा में है। हाल के लोकसभा चुनाव परिणाम के विश्लेषण से पता चला कि?तृणमूल कांग्रेस का शहरी वोटबैंक खिसक रहा है, जिससे दीदी चिंतित हैं। कोलकाता नगर निगम के कुल 144 वार्डों में 47 पर भाजपा को बढ़त मिली है।?पिछले नगर निगम चुनाव में 10 वार्डों?में ही जीत मिली थी। कोलकाता और आसपास के इलाकों में विधानसभा की 28 सीटें हैं। राज्य के 60 प्रतिशत नगर निगमों व पालिकाओं में भाजपा की साफ बढ़त दिखी है। बंगाल में ऐसे कुल 125 निकाय हैं। 2021 में भाजपा 69 निकायों में आगे थी। उनका मानना है कि शहरों में बाहरी लोग बढ़ गए हैं, इसलिए उन्होंने 'हॉकर हटाओ' अभियान शुरू किया है। जबकि नवंबर, 1996 में वाममोर्चा सरकार के 'ऑपरेशन सनशाइन' का हश्र वह देख चुकी हैं। उस समय उन्होंने खुद हॉकरों के पक्ष में फुटपाथ पर बैठकर आंदोलन किया था। असल में भ्रष्टाचार की वजह से शहरी वोटर ममता सरकार से नाराज हैं। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में राज्य, खासकर कोलकाता व उपनगरों का जनसांख्यिकी संतुलन बिगड़ने पर चिंता जताई। उन्हें लगता है कि कुछ समय बाद शहरी क्षेत्रों में बांग्ला बोलने वाले अल्पमत में आ जाएंगे। उनके मुताबिक, पैसे लेकर हॉकरों को फुटपाथों पर जगह दी जा रही है। उन्होंने कई विधायकों, मेयरों, नगरपालिका अध्यक्षों और पार्षदों के अलावा पुलिस प्रशासन के एक बड़े हिस्से को हफ्तावसूली जैसे भ्रष्टाचार में लिप्त माना। बताया जा रहा है कि पुलिस जैसे ही अपनी कार्रवाई के लिए कुछ संवेदनशील इलाकों की तरफ बढ़ी, तो दीदी ने ऑपरेशन रोक कर हॉकरों को एक महीने का समय दे दिया। सवाल उठता है कि 4-5 दिनों के अभियान में उजाड़े गए?हॉकरों को एक महीने का समय क्यों नहीं दिया गया, जो इस मौसम में पुलों के नीचे या खुले में बाल-बच्चों को लेकर रह रहे हैं? इस पर राजनीति भी हो रही है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी का आरोप है कि सिर्फ?हिंदू हॉकरों को ही हटाया जा रहा है। माकपा नेता सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि शत्रुघ्न सिन्हा, यूसुफ पठान व?कीर्ति आजाद जैसे 'बाहरी' लोगों को अपनी पार्टी के टिकट पर संसद भेजने वाली ममता का बाहरी राग मौजूं नहीं है। ममता को पता है कि कोलकाता ही नहीं, पूरे बंगाल का जनसांख्यिकी संतुलन किन समुदायों की घुसपैठ से बिगड़ रहा है। अगर उनका इशारा हिंदी भाषियों की ओर है, तो वह दौर अब सिर्फ लोकगीतों में ही दिखता है।



# बंजर होती जमीन को हरा-भरा करने का सिर्फ एक ही रास्ता

चरम मौसमी घटनाएं हमें समझा रही हैं कि अब हम अपने चरम पर पहुंच गए हैं। दुनिया की 24 फीसदी भूमि रेगिस्तान बनने को है, तो वहीं भारत की 25 फीसदी भूमि बंजर होने वाली है। आखिर इसके जिम्मेदार तो हम ही हैं।पर्यावरण को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने?हाल ही में जिस विषय पर चर्चा का आह्वान किया है, वह बंजर पड़ती जमीन और बढ़ता मरुस्थल है। पर्यावरण के मौजूदा हालात से कम से कम यह तो समझा ही जा सकता है कि अब सब कुछ हमारे नियंत्रण से बाहर जा रहा है। इस बार के ग्रीष्म काल को ही देख लीजिए, जिसने फरवरी से ही गर्मी का एहसास दिला दिया था और जून पहुंचते-पहुंचते अपना प्रचंड रूप दिखा दिया। पूरी दुनिया में औसतन तापक्रम बढ़ा है और अब प्रचंड गर्मी के दिन धीरे-धीरे बढ़ते जा रहे हैं। इस बात को राहत न मानें कि आने वाले समय में ये स्थिर हो जाएंगे। आज दुनिया में 80 प्रतिशत लोग इस गर्मी को झेल रहे हैं और ऐसे गर्म दिनों की संख्या पहले प्रतिवर्ष 27 के आसपास होती थी, लेकिन अब वर्ष में 32 दिन ऐसे होते हैं, जब गर्मी खतरे की सीमा तक पहुंच जाती है। अभी बिहार, जैसलमेर, दिल्ली में भयंकर हीटवेव की खबर आई थी, लेकिन देश के अन्य हिस्सों में भी हीटवेव ने लोगों?की हालत बदतर कर दी है। इस बढ़ती गर्मी का सबसे महत्वपूर्ण कारण तो यही है कि हमने पृथ्वी और प्रकृति के बढ़ते असंतुलन की तरफ कभी ध्यान ही नहीं दिया। दुनिया भर में एक-एक करके प्रकृति के सभी संसाधन या तो बिखर गए या फिर घटते चले गए। और इसका जिम्मेदार अगर कोई है, तो स्वयं मनुष्य ही है। हमने अपनी जीवन-शैली को कुछ इस तरह बना लिया है कि अब हम उन आवश्यकताओं से बहुत ऊपर उठ गए हैं, जो जीवन का आधार थीं। अब हमने विलासिताओं को भी आवश्यकताओं में बदल दिया है, जिनके कारण पृथ्वी के हालात गंभीर होते चले गए। मसलन आज हमारी जीवन-शैली में बहुत बड़े बदलाव आए हैं। बढ़ता शहरीकरण और ऊर्जा की अत्यधिक खपत के कारण ग्लेशियर पिघलने लगे हैं, तो नदियां सूखने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। जमीन हो या आसमान पृथ्वी का कोई भी हिस्सा सुरक्षित नहीं बचा है। दुनिया में बढ़ते मरुस्थल की चिंता पर हम कितने गंभीर हैं, इसका पता इन आंकड़ों से चलता है। दुनिया में करीब 24 प्रतिशत भूमि अब मरुस्थलीय लक्षण दिखा रही है। मरुस्थलीय भूमि उसे कहते हैं, जहां कुछ भी पैदा होना संभव नहीं रहता और पूरी धरती लवणीय हो जाती है तथा पानी की बहुत बड़ी कमी हो जाती है। बोलीविया, चिली, पेरू जैसे देशों में 27 से 43 प्रतिशत भूमि मरुस्थलीय हो चुकी है और अर्जेंटीना, मेक्सिको, प्राग की तो 50 प्रतिशत से ज्यादा भूमि बंजर पड़ चुकी है। दुनिया भर में बढ़ते ग्रासलैंड व सवाना जैसे मरुस्थल इसी ओर संकेत करते हैं कि ये भूमि उपयोगी नहीं रहीं। अपने देश में माना जाता है कि 35 फीसदी भूमि पहले ही डिग्रेड हो चुकी है और इसमें से भी 25 फीसदी बंजर बनने वाली है। ज्यादातर ऐसी भूमि उन राज्यों में है, जो संसाधनों की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।?उदाहरण के लिए, झारखंड, गुजरात, गोवा, दिल्ली और राजस्थान भी इनमें शामिल हैं। इन क्षेत्रों में 50 फीसदी से ज्यादा भूमि बंजर होने वाली है। थोड़ी राहत की बात है कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, केरल, मिजोरम जैसे राज्यों में अभी मात्र 10 प्रतिशत भूमि में ही बंजरपन दिखाई दे रहा है। इजहां पहले वन होते थे, तालाब थे, या जहां प्रकृति के अन्य संसाधनों के भंडार होते थे, उन सबको अन्य उपयोगों में ले लिया गया है। एक अनुमान के मुताबिक, दुनिया भर की 50 प्रतिशत भूमि को अन्य उपयोगों में लगा दिया गया है। इनमें 34 फीसदी देश अत्यधिक बदलाव की श्रेणी में हैं, जबकि 48 फीसदी देशों में मध्यम बदलाव हुआ है, और 18 फीसदी देश ही ऐसे हैं, जहां भूमि उपयोग में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। दक्षिण एशिया में तो 94 प्रतिशत भूमि का उपयोग बदल चुका और यूरोप 90 फीसदी तथा अफ्रीका में यह आंकड़ा 89 प्रतिशत है। भूमि उपयोग बदलने के कारण प्रकृति तेजी से हमारा साथ छोड़ रही है। जबसे औद्योगिक क्रांति आई, तबसे हमने 68 फीसदी वन खो दिए। आज दुनिया में मात्र 31 फीसदी वन बचे हैं। इस तरह एक व्यक्ति के हिस्से में करीब 0.68 वृक्ष ही आएंगे। अपने देश में दावा किया जाता है कि हमारे पास 23 प्रतिशत भूमि वनों से आच्छादित है। अगर इसे सही मान भी लें, तो हमारे यहां प्रति व्यक्ति के हिस्से में 0.08 भूमि है। दूसरी चिंता की बात यह ही कि देश का ऐसा कोई भी कोना नहीं है, जहां खनन ने अपना पैर न फैला दिया हो। सरकारों के लिए यह राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत भी होता है। इसलिए खनन हर राज्य की आय का बड़ा साधन बन चुका है। फिर दुनिया में खेती के पैटर्न में बहुत ज्यादा बदलाव आया। अब खेती व्यावसायिक हो चली है, जिसमें आक्रामक ढंग से रसायनों का अधिकाधिक उपयोग होता है। पहले पेट भरने के लिए खेती होती थी, पर अब पैसों के लिए खेती की जाती है। नतीजतन खेती वाली भूमि भी बंजर हो गई। पानी के अभाव के कारण भी कई स्थानों पर खेती को त्याग दिया गया है। इसके अलावा, बंजर हालात के लिए क्लाइमेटिक वेरिएशन भी कारण बना है। हर देश में स्थान विशेष की परिस्थिति में ह्रास आया है। आज भी लकड़ी और चारे के लिए जंगलों पर निर्भरता बनी हुई है। दूसरी तरफ गर्मी में एसी और जाड़ों में हीटर का बदस्तूर उपयोग जारी है। हम सुबह से शाम तक ऊर्जा की खपत में लगे रहते हैं, पर उसकी आपूर्ति के रास्ते भी सीमित हो गए। चिंताजनक बात यह है कि अब हमारे पास भी ऐसा विकल्प नहीं बचा है, जो बंजर पड़ती भूमि को फिर से हरा-भरा कर सके। एक ही रास्ता है कि अगर हम देश में वन लगाने को जन आंदोलन का रूप दे दें, तो शायद कुछ नियंत्रण हो पाए। लेकिन इस क्रम में वनों की प्रजाति पर भी उतना ही गंभीर होना पड़ेगा, क्योंकि स्थानीय वन ही वहां की प्रकृति को जोड़ते हैं और साथ देते हैं। कभी-कभी वनीकरण के दौरान हम ऐसी प्रजातियों पर बल देते हैं, जिनका कोई प्राकृतिक योगदान नहीं होता और ये कमर्शियल फॉरेस्ट्री बन जाती है। आज दुनिया भर में बढ़ती गर्मी और समुद्र से उठे तूफान हमें समझा रहे हैं कि अब हम अपने चरम पर पहुंच गए हैं, जहां से बंजर होती यह दुनिया फिर शायद हमारे लिए जीने लायक नहीं बचेगी।





# बॉलीवुड/टेली मसाला

## नॉर्थ अमेरिका में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बनी कल्कि 2898 एडी इन दो बड़ी विदेशी फिल्मों को छोड़ा पीछे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नाग अश्विन निर्देशित कल्कि 2898 एडी को लंबे समय तक उन फिल्मों के तौर पर याद किया जाएगा जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया। यह फिल्म अपनी रिलीज के बाद से ही न केवल भारत, बल्कि तेलुगु फिल्मों के सबसे बड़े बाजारों में से एक उत्तरी अमेरिका में भी धमाल मचा रही है। भारत में फिल्म ने पहले ही सभी भाषाओं में 600 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं हिंदी में यह फिल्म यश की फिल्म केजीएफ 2 और एसएस राजामौली की बाहुबली 2- द कन्क्लूजन के बाद तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दक्षिण फिल्म बन गई है। यह फिल्म शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' को पछाड़कर उत्तरी अमेरिका में अब तक की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। इस फिल्म ने 17.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। कल्कि 2898 एडी इस मामले में एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली 2- द कन्क्लूजन से ही पीछे है। इस फिल्म ने 20.77 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई की है। अब कल्कि 2898 एडी एक कदम और आगे बढ़ गई है। फिल्म डेमन स्लेयरः किमेट्सु नो याइबा-टू द हाशिरा ट्रेनिंग और गॉडजिला माइनस वन जैसी फिल्मों को पछाड़कर उत्तरी अमेरिका में 2024 की सबसे अधिक कमाई करने वाली विदेशी फिल्म बन गई है। नाग अश्विन की माइथोलॉजिकल स्काई-फाई फिल्म वर्तमान में 18.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर पर है। वहीं डेमन स्लेयर ने 17.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई की जबकि गॉडजिला माइनस वन 10.83 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई कर चुकी है। इस फिल्म के स्पेशल इफेक्ट्स और विजुअल्स को दर्शकों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन मुख्य किरदार में दिखाई दिए।




## यारों के साथ पर्दे पर बैंड बजाने आ रहे अक्षय कुमार 'खेल खेल में' का दमदार पोस्टर रिलीज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस साल स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में खूब हुड़दंग मचने वाला है। एक साथ तीन अलग-अलग जॉनर की फिल्में रिलीज हो रही हैं। हॉरर कॉमेडी 'स्त्री 2' और एक्शन थ्रिलर 'वेदा' के साथ बड़े पर्दे पर अपनी पलटन के साथ अक्षय कुमार भी उतरने के लिए एकदम तैयार हैं और वो भी एक अलग अवतार में। 2024 में अक्षय कुमार की दो फिल्में रिलीज हुई। अप्रैल में अभिनेता ने 'बड़े मियां छोटे मियां' में अपना इंटेंस एक्शन दिखाया, फिर जुलाई में बायोपिक 'सरफिरा' बनकर उन्होंने दिखाया कि जिद के साथ सफलता कैसे मिलती है। बायोपिक और एक्शन थ्रिलर के बाद अब अक्षय कुमार दर्शकों के पेट में गुदगुदी करने आ रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म 'खेल खेल में' अगस्त महीने में दस्तक दे रही है। बड़े मियां छोटे मियां से एक्शन का धमाल दिखाने और सरफिरा बनकर लोगों को मोटिवेट करने के बाद अब अक्षय कुमार बड़े पर्दे पर कॉमेडी का तड़का लगाने आ रहे हैं। अक्षय कुमार की आगामी फिल्म खेल खेल में (ख्पत् ख्पत् शग्ह) का पहला पोस्टर जारी हो गया है। फिल्म में फरदीन खान समेत कई कलाकार दिखाई देंगे। कुछ महीने पहले ही अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म 'खेल खेल में' की अनाउंसमेंट कर दी थी। अब फिल्म का पहला ऑफिशियल मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की सभी कास्ट के साथ एक दमदार पोस्टर जारी हुआ है, जिसमें अक्षय एक अलग अवतार में नजर आ रहे हैं। उनका लुक देख लगता है कि वह बूढ़े शख्स का किरदार निभाएंगे। पोस्टर में उनके बाल लगभग सफेद हैं। पोस्टर के साथ अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा है, ठयारों वाला खेल... यारी वाली पिक्चर। बैंड बाजे के माहौल में... बैंड बजाने वाली पिक्चर। साल की सबसे बड़ी फैमिली एंटरटेनर को बोलो हाय।ठ कॉमेडी ड्रामा 'खेल खेल में' 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म 'खेल खेल में' अक्षय कुमार के साथ तापसी पन्नू, फरदीन खान, वाणी कपूर, प्रज्ञा जायसवाल, आदित्य सील और एमी विर्क जैसे कलाकार नजर आएंगे। बड़े पर्दे पर फरदीन 14 साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। मई में उन्होंने ओटीटी सीरीज हीरामंडी' से कमबैक किया था।




## फिर लौट रहे बाप-बेटे इस बार राणा और नागा का होगा इस बॉलीवुड एक्टर से सामना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पिछले साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई 'राणा नायडू' मोस्ट वॉच्ड वेब सीरीज में से एक रही। एक्शन और क्राइम से भरपूर सीरीज में न सस्पेंस की कमी थी और ना ही ड्रामा की। पहले सीजन की सफलता के बाद दर्शकों को सीजन 2 का इंतजार था, जो अब खत्म होने वाला है। एक साल बाद 'राणा नायडू सीजन 2' का एलान हुआ है। सामने आये वीडियो को देख कहना गलत नहीं होगा कि सीजन 2 में पहले से ज्यादा एक्शन होने वाला है। इस बार सीरीज में बॉलीवुड के एक जाने-माने अभिनेता की भी एंट्री हुई है, जो कहानी को और मजेदार ट्विस्ट देने वाली है।पिछले साल 'राणा नायडू' की रिलीज के ठीक एक महीने बाद ही सीजन 2 की घोषणा कर दी गई थी। अब सीरीज की शूटिंग भी शुरू हो गई है। इस बार सीरीज में अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। नेटफ्लिक्स ने सेट से स्टार्स की झलकियां दिखाई हैं। वीडियो में खून से लथपथ बैट, हाथों में बंदूक, आग के बीच एक्शन और बंदूक से निशाना देख फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है। क्लिप की शुरुआती राणा नायडू यानी राणा दग्गुबाती से होती है, जो हाथ में बंदूक लिए एक्शन करते दिख रहे हैं। वहीं, आग के बीच 63 साल के नागा यानी वेंकटेश भी गाड़ी पर बैठकर एक्शन सीक्वेंस शूट कर रहे हैं। आखिर में नजर आये अभिनेता अर्जुन रामपाल, जो हाथ में बंदूक लिए निशाना साधते दिखे। वीडियो देख लगता है कि नागा और राणा की मुश्किलें अब और बढ़ने वाली हैं। नेटफ्लिक्स ने वीडियो के साथ लिखा है कि सीरीज की शूटिंग हो रही है। राणा नायडू 2' की लेटेस्ट वीडियो में सिर्फ तीन स्टार्स की झलकियां सामने आई हैं। पहले सीजन में सुरवीन चावला, गौरव चोपड़ा, सुशांत सिंह जैसे कलाकार भी नजर आये थे। सीरीज का निर्देशन अंशुमान, सुपर्ण एस. वर्मा और अभय चोपड़ा ने किया है।




## डबल कन्फ्यूजन के साथ संजय-रवीना का प्यार चढ़ेगा परवान, इस दिन रिलीज हो रही 'घुड़चढ़ी'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ओवर द टॉप यानी आज के समय का सबसे सुविधाजनक प्लेटफॉर्म बन गया है। दर्शक सिनेमाघर को छोड़ घर पर ही मूवीज और सीरीज का लुत्फ उठा रहे हैं। इस चीज का ध्यान रखते हुए आजकल बड़ी-बड़ी फिल्मों को भी सिनेमाघरों को छोड़ सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। अब एक और फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। अगस्त के महीने में यूं तो एक्शन से लेकर हॉरर और कॉमेडी फिल्मों की एंट्री होने वाली है, वहीं ओटीटी पर रोमांस दिखाई देने वाला है। बिनॉय के गांधी के निर्देशन में बनी फिल्म 'घुड़चढ़ी' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने रिलीज डेट का एलान कर दिया है।2022 से 'घुड़चढ़ी' का इंतजार किया जा रहा है। किसी वजह से फिल्म की रिलीज में देरी हो रही थी, लेकिन मंगलवार को फिल्म का पहला पोस्टर जारी हो गया है। साथ ही रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है। 'घुड़चढ़ी' एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें दो जेनरेशन की लव स्टोरी दिखाई जाएगी। पहली जेनरेशन में संजय दत्त और रवीना टंडन रोमांस फरमाते हुए दिखाई देंगे, वहीं दूसरी जेनरेशन में पार्थ समथान और खुशाली कुमार का प्यार दिखेगा। 'घुड़चढ़ी' सिनेमाघरों की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 9 अगस्त से स्ट्रीम होगी। संजय दत्त ने इंस्टाग्राम हैंडल पर जारी पोस्टर में रवीना-संजय और पार्थ-खुशाली रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा है, ठप्यार डबल और कन्फ्यूजन डबल।मालूम हो कि निधि दत्त और बिनॉय के गांधी निर्मित 'घुड़चढ़ी' से 'कसौटी जिंदगी 2' एक्टर पार्थ समथान डेब्यू कर रहे हैं। वहीं, संजय दत्त और रवीना को सालों बाद पर्दे पर रोमांस करते हुए देखा जाएगा।




## सूर्या के बर्थडे पर रिलीज हुआ 'कंगुवा' का पहला सॉन्ग, फुल 'फायर' हैं गाने के लिरिक्स

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तमिल सिनेमा के सुपरस्टार सूर्या की आगामी फिल्म 'कंगुवा' का बहुप्रतीक्षित पहला गाना 'फायर सॉन्ग' रिलीज हो गया है। ये गाना रिलीज होते ही दर्शकों के बीच धूम मचा रहा है। 23 जुलाई को सूर्या अपना 49वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। ऐसे में इस खास मौके पर मेकर्स ने 'कंगुवा' के पहले ट्रैक से पर्दा उठाया है और एक्टर के फैंस को स्पेशल ट्रीट दी है। फायर' एक एनर्जेटिक सॉन्ग है, जिसे सुनते ही पैर थिरकने लगेंगे। हालांकि, अभी गाने का लिरिकल वीडियो रिलीज किया गया है। गाने का म्यूजिक और इसके लिरिक्स मिलकर फायर सॉन्ग को एक परफेक्ट पैकेज बना रहे है। 'कंगुवा' के इस गाने को देवी श्री प्रसाद ने तैयार किया है, जिन्होंने पैन इंडिया सुपरहिट फिल्म पुष्पा द राइज का म्यूजिक तैयार किया था। लिरिक्स की बात करें तो इसे प्रतिभाशाली गीतकार रकीब आलम ने लिखा है। गाने के बोल और इसकी धुन दोनों ही शानदार हैं और फैंस के दिलों पर छा जाने वाले हैं 'कंगुवा' साल 2024 की एक बड़ी रिलीज होने वाली है। 350 करोड़ से ज्यादा के बजट के साथ ये 'पुष्पा 2' और 'सिंघम' जैसी कई हाई-प्रोफाइल फिल्मों से मुकाबला कर रही है। 'कंगुवा' में प्रीहिस्टोरिक एरा को दिखाया जाएगा। इसके लिए फिल्म को सात देशों और भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में शूट किया गया है। हॉलीवुड के एक्शन और सिनेमेटोग्राफी एक्सपर्ट्स ने 'कंगुवा' में काम किया। फिल्म में एक और खास बात है। 'कंगुवा' में सूर्या तीन अलग- अलग किरदारों में नजर आएंगे। कंगुवा' में सूर्या के साथ बॉबी देओल भी लीड रोल में हैं। एनिमल के बाद वो एक बार फिर विलेन के किरदार में नजर आएंगे। इनके अलावा 'कंगुवा' में एक्ट्रेस दिशा पाटनी फीमेल लीड हैं। 'कंगुवा' का डायरेक्शन शिवा ने किया है। वहीं, स्टूडियो ग्रीन ने प्रोड्यूस किया है। 'कंगुवा' इस साल 10 अक्टूबर को पैन इंडिया रिलीज होगी।



## ओरिजनल के बाद 'ना ना ना ना ना रे' के रीमेक को भी दलेर मेहंदी ने दी आवाज, कहा- मैंने पहले से भी अच्छा गाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हिंदी और पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री को कई हिट गाने देने वाले दलेर मेहंदी के सॉन्गसन आज भी लोगों के बीच फेमस हैं। पंजाबी पॉप मिक्स गानों की बात आते ही दलेर मेहंदी का नाम जरूर जुबान पर आता है। उनके तमाम मशहूर गानों में 'ना ना ना ना ना रे' आज भी पॉपुलर है। 90 के दशक का ये हिट एल्बम सॉन्ग एक बार फिर लोगों को नए सिरे में लेकिन दलेर मेहंदी की ही आवाज में सुनने को मिलेगा। ना ना ना ना ना रे' दलेर मेहंदी का टाइमलेस हिट सॉन्ग है। 1996 में रिलीज हुए इस गाने को म्यूजिक लवर्स और दलेर मेहंदी के फैंस 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में एक बार फिर सुन सकेंगे। न सिर्फ सुन सकेंगे, बल्कि उन्हें देखने को भी मिलेगा। 'ना ना ना ना रे' रिलीज होते ही जबरदस्त पॉपुलर हुआ था। 25 साल बाद अब एक बार फिर इस गाने को दलेर मेहंदी की ही आवाज में रिबूट के तौर पर सुनने का मौका मिलेगा। इस बारे में दलेर मेहंदी ने अपनी खुशी का इजहार किया है। दलेर मेहंदी ने कहा, ''आखिरी बार बच्चन जी के साथ 1996 में ये गाना किया था। उनकी पंजाबी म्यूजिक पर एंट्री ही मेरे जरिये हुई। तो डायरेक्टर यह देखना चाहते थे कि इतने सालों के बाद भी मैं कैसे लगता हूं सॉन्ग में।'' 'ना ना ना ना ना रे' रिबूट गाने की शूटिंग ऋषिकेश में हुई है। इस बारे में दलेर ने कहा कि डायरेक्टर उन्हें देखकर हैरान थे क्योंकि 25 साल बाद भी दलेर मेहंदी वैसे ही यंग नजर आ रहे थे आज कल किसी भी गाने का रिमिक्स वर्जन किसी दूसरे सिंगर की आवाज में रिकॉर्ड किया जाता है। लेकिन 'ना ना ना ना ना रे' को दलेर मेहंदी ही दोबारा से अपनी ही आवाज में गाएंगे। ओरिजनल गाने की तरह ही रिबूट में भी दलेर मेहंदी ही नजर आएंगे। इस बारे में सिंगर ने कहा कि उन्हें तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव के साथ काम कर मजा आया। रब की मेहरबानी है कि इतने साल बाद दोबारा गाने पर भी मेरी सेम वॉइस थी। गाने की वही वाइब है। ऐसा लगा ही नहीं कि इतने साल बाद हो रहा है। यहां तक कि लुक और सॉन्ग दोनों मजेदार है। दलेर मेहंदी ने कहा कि कितने अच्छे ओरिजनल क्लासिकल हिट्स हैं, जिसे दूसरे सिंगर की आवाज में रिबूट किया गया है। ये सही नहीं है। मैं खुशनसीब हूं कि मुझे ऐसा कुछ भी नहीं झेलना पड़ा। मैंने अब इसे गाके और चार चांद लगा दिए और पहले से भी अच्छा गाया है। गाने को मेरे ही स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया था और मुझे इस बात से कोई शिकायत नहीं है। म्यूजिकल फैमिली से आने वाले दलेर मेहंदी ने कहा कि अगर रिबूट गाने में उनकी ही बीट्स, लिरिक्स और ट्यून का इस्तेमाल होता है, तो उन्हें परेशानी नहीं है। समस्या वहां आती है, जब नया आर्टिस्ट फ्रेश बीट्स और बदलाव के साथ पुराने गाने को रिक्रिएट करता है। बता दें कि 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' इस साल 11 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।




## ब्वॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी संग वेडिंग को लेकर अविका गौर ने तोड़ी चुप्पी, बोलीं- 'मैंने उससे शादी कर ली'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीवी शो बालिका वधु से घर-घर में आनंदी के नाम से मशहूर हुई अविका गौर पहले से काफी बदल चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने अपना 27वां जन्मदिन भी सेलिब्रेट किया था। जन्मदिन के मौके पर एक्ट्रेस की आने वाली तेलुगु थ्रिलर फंतासी फिल्म 'शंमुख' का पोस्टर भी रिलीज हुआ था। टीवी पर फेमस होने के बाद अब अविका बड़े पर्दे पर छाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस बीच उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर भी एक अपडेट सामने आया है। अविका काफी समय से ब्वॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी को डेट कर रही हैं। आए दिन सोशल मीडिया पर फोटोज भी साझा करती रहती हैं। अब एक्ट्रेस ने मिलिंद संग अपनी शादी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी हैं। बीते दिनों खबर थी कि आनंदी ने चोरी छिपे शादी कर ली है। एक्ट्रेस अविका गोर हाल ही में हर्ष लिंबाचिया और भारती सिंह के पॉडकास्ट शो का हिस्सा बनी थीं। इस दौरान उन्होंने प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की। इतना ही नहीं उन्होंने अपने वेडिंग प्लान्स को लेकर भी बातें की और ब्वॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्ट्रेस अविका गोर हाल ही में हर्ष लिंबाचिया और भारती सिंह के पॉडकास्ट शो का हिस्सा बनी थीं। इस दौरान उन्होंने प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की। इतना ही नहीं उन्होंने अपने वेडिंग प्लान्स को लेकर भी बातें की और ब्वॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। बातचीत के दौरान जब अविका से उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''वह 9-5 कॉपीरेट लड़का है, जो एक एनजीओ भी चलाता है। वह इंडस्ट्री से नहीं हैं। हम हैदराबाद में एक मित्र के माध्यम से एक-दूसरे से मिले। उन्होंने शुरू में छह महीने के लिए मुझसे दोस्ती की। मैं उसे पहले दिन से ही पसंद करने लगी थी। शुरुआत में मैं भी दोस्त बनने को तैयार हो गई थी, लेकिन कुछ ही हफ्तों में मुझे उसके बारे में पूरा यकीन हो गया। मेरे ख्याल से मैंने उससे शादी कर ली है' एक्ट्रेस ने आगे कहा, ङ्खमैंने उसे छह महीने पहले प्रपोज किया था। वो बहुत समझदार है। छह महीने के बाद उसने मुझसे कहा, 'ठीक है, मैं भी तुमसे प्यार करता हूं!' तो मैंने उससे पूछा, 'ये 6 महीने क्या ड्रामा था एक अच्छे लड़के की तरह उन्होंने मुझे समझाया कि वह चीजों में जल्दबाजी नहीं करना चाहते और देखना चाहते हैं कि हम वास्तव में एक दोस्त के रूप में एक-दूसरे को पसंद करते हैं और तभी हम बात को आगे बढ़ाएंगे। मेरे हाथ में होता तो मैं साढ़े चार साल पहले शादी कर चुकी होती। कुछ सोचना नहीं था। अब जो है यही है। मेरे दिमाग में तो हो चुकी है शादी, लेकिन वह काफी समझदार है। उन्होंने मुझसे कहा, 'तुम अभी भी 26 साल की हो और मैं 32 साल का। तुम अपना समय काम करने और जीवन को देखने में लगाओ।''एक्ट्रेस की आने वाली फिल्म अविका गौर ने टीवी पर बालिका वधू और ससुराल सिमर का जैसे शो काम किया है। इसके अलावा कई साउथ फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। अब जल्द ब्लडी इश्क में नजर आने वाली हैं।



## कब रिलीज होगी सलमान खान की फिल्म किक 2 साजिद नाडियावाला ने एक्शन ड्रामा को लेकर किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सलमान खान की फिल्म किक को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। साल 2014 में रिलीज हुई इस फिल्म की झलकियां दर्शकों के दिमाग में अभी भी साफ हैं। इस फिल्म में जैकलीन फर्नाडिज लीज किरदार में नजर आई थीं। इस बीच खबर आई थी कि मेकर्स बहुत जल्द फिल्म के सीक्वल का प्लान कर रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो किक 2, 2025 तक ऑन फ्लोर आ सकती है। मिड डे की खबर के अनुसार साजिद नाडियाडवाला डेविल की स्टोरी को आगे ले जाना चाहते हैं। फिल्म निर्माता इस समय सलमान खान के साथ सिकंदर में व्यस्त हैं। हालांकि इसको लेकर बातचीत शुरू हो गई है लेकिन अभी इसमें समय लग सकता है। बता दें कि सलमान खान और साजिद खान के बीच दोस्ती काफी गहरी है और दोनों किक 2 को लेकर काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। हालांकि इसकी कोई ऑफिशियल एनाउंसमेंट नहीं हुई है। इससे पहले किक के बारे में बात करते हुए साजिद नाडियावाला ने कहा था, 'मैंने किक के जरिए खुद को एक डायरेक्टर के तौर पर लॉन्च किया। डिजिटल दुनिया में अभी भी लोग इस बारे में जानने को लेकर उत्सुक हैं कि फिल्म कब आ रही है? लोग मेरे से इस बारे में सवाल कर रहे हैं। तो मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि फिल्म ऑन पेपर है और इसको लेकर काम चल रहा है।'बता दें कि सलमान खान इन दिनों रश्मिका मंदाना के साथ फिल्म सिकंदर की शूटिंग में व्यस्त हैं। ये फिल्म ईद के मौके पर साल 2025 में रिलीज होगी। ये एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी जिसमें सलमान खान एक दमदार रोल में नजर आएंगे।






## भारतीय मजदूर संघ के 70वे स्थापना दिवस पर पहुंचे नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**मीरजापुर।** भारतीय मजदूर संघ के 70वे स्थापना दिवस पर नगर के घंटाघर के प्रांगण में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमसी के जिला अध्यक्ष राजीव सिंह ने एवं संचालन श्री प्रकाश तिवारी ने किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी पहुंचे। जहां उन्होंने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा की भारतीय मजदूर संघ इस थीम पर कार्य करता है संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो,भला हो जिसमे देश का,वो काम सब किए चलोठ।यह संगठन देशहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना कार्य करती है।इसके साथ ही मजदूर के हित को लेकर समय समय पर अपनी आवाज बुलंद करती है।देश के विकास के पहिया को रुकने नही देते और इसके साथ अपने विकास से भी समझौता नही करते। ठमेहनत से हम करेंगे काम काम के लेंगे पूरे दामठइस नारे के साथ भारतीय मजदूर संघ देश हित के साथ मजदूर वह कर्मचारी हित के लिए लड़ती रही है।बता दे 23 जुलाई 1955 को प्रसिद्ध श्रमिक नेता स्वर्गीय दत्तोपंत ठेंगड़ी के नेतृत्व में संघ की नींव रखी गई थी।वर्ष 1955 से 1989 तक 34 वर्षों में ही सभी केंद्रीय श्रम संगठनों को पीछे छोड़ते हुए अपने काम के बल पर पहली बार भारतीय मजदूर संघ देश का नंबर एक श्रमिक संगठन बन गया।इस मौके पर मजदूर संघ के श्री प्रकाश तिवारी, पिंकी सिंह, बेचू लाल, लालवर्ती सिंह पटेल, हसन खान, राजीव उपाध्याय अश्वनी कुमार, आनंद कसेरा , कमलकांत, संदीप कुमार, करन मालिक, अमजद अली, राजकुमार, विनय यादव, महेश सोनकर , वीरेंद्र कुमार, मुख्तार खान आदि उपस्थित रहे।



## मेडिकल ऐसेसमेंट कैंप में 29 बच्चों का बना दिव्यांगता प्रमाण प्राथमिक विद्यालय नारेपार में आयोजित हुआ मेडिकल ऐसेसमेंट कैंप

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**ज्ञानपुर(भदोही)।** प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड डीघ के प्राथमिक विद्यालय नारेपार में दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु मेडिकल ऐसेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 94 दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 29 बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया। आर्थोपेडिक सर्जन डा. सत्यप्रकाश मोदनवाल ने पीएच के 12, आई सर्जन डा. मुकुल पांडेय ने वीआई के 08, साइक्रेटिक डा. दिनकर प्रकाश तिपाठी, नैदानिक मनोवैज्ञानिक डा. अशोक परासर ने एमआर के 09 बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया। कैंप में कुल 50 श्रवण दिव्यांग बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनका प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा सका। कैंप में डा. दीप्ति पांडेय ईएनटी सर्जन स्वास्थ्य विभाग से महमूद आलम, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा रश्मि मिश्रा, फिजियोथेरेपिस्ट डा. जेपी सिंह, स्पेशल एजुकेटरर्स संवर्त मिश्र, राजेश पांडेय, देवराज मिश्र, रामप्रवेश पांडेय, सुनील कुमार, सुशील उपाध्याय, सत्येंद्र कुमार द्विवेदी एवं विद्यालय के स्टाफ द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।